


# Chapter 26

# एल्कोहल, फिनॉल एवं ईथर

### हाइड्रॉक्सी यौगिक

हाइड्रॉक्सी यौगिक वह यौगिक हैं, जिनमें हाइड्रॉक्सी समूह, $-OH$ एलिफैटिक या एरोमैटिक कार्बन के साथ सीधे ही जुड़ा होता है।

## मोनो हाइड्रिक एल्कोहल (Monohydric alcohols)

इन यौगिकों में एक हाइड्रॉक्सिल समूह होता है। इनका सामान्य सूत्र $C_nH_{2n+2}O$ हैं।

(1) **बनाने की सामान्य विधियाँ :** (i) ***एल्किल हैलाइड से***

$$\underset{\text{ब्रोमोएथेन}}{C_2H_5Br}+\underset{\text{(जलीय)}}{KOH}\rightarrow \underset{\text{एथेनॉल}}{C_2H_5OH}+KBr$$

$$\underset{\text{ब्रोमोएथेन}}{C_2H_5Br}+\underset{\text{नम सिल्वर ऑक्साइड}}{AgOH}\rightarrow \underset{\text{एथेनॉल}}{C_2H_5OH}+AgBr$$

- *1° एल्किल हैलाइड एल्कोहल की अच्छी मात्रा देता है।*
- *2° एल्किल हैलाइड एल्कोहल एवं एल्कीन का मिश्रण देता है।*
- *3° एल्किल हैलाइड विहाइड्रोहैलोजनीकरण के कारण एल्कीन देता है।*

$$CH_3-\overset{CH_3}{\underset{Br}{\overset{|}{\underset{|}{C}}}}-CH_3+\underset{\text{(जलीय)}}{KOH}\rightarrow \underset{\substack{\text{2-मेथिल प्रोपीन}\\\text{(मुख्य उत्पाद)}}}{CH_3-\overset{CH_3}{\overset{|}{C}}=CH_2}$$

$$+\underset{\text{तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल (सह उत्पाद)}}{CH_3-\overset{CH_3}{\underset{OH}{\overset{|}{\underset{|}{C}}}}-CH_3}+KBr+H_2O$$

(ii) ***एल्कीन से :*** (a) *जलयोजन*

**सीधा प्रक्रम :** $\underset{\text{एल्कीन}}{>C=C<}\xrightarrow[\text{तनु } H_2SO_4]{HOH}\underset{\text{एल्कोहल}}{-\underset{OH}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-\underset{H}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-}$

**अप्रत्यक्ष प्रक्रम :**

$$\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}+\underset{\text{सल्फ्यूरिक अम्ल}}{HOSO_2OH}\rightarrow \underset{\text{एथिल हाइड्रोजन सल्फेट}}{CH_3CH_2OSO_2OH}$$

$$\xrightarrow[\text{उबालना}]{H_2O}\underset{\text{एथेनॉल}}{CH_3CH_2OH}+H_2SO_4$$

असममित एल्कीन के प्रकरण में

$$\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH=CH_2}+HOSO_2OH\xrightarrow[\text{नियम}]{\text{मार्कोनीकॉफ}}$$

$$CH_3-\underset{OSO_2OH}{\underset{|}{CH}}-CH_3\xrightarrow[\text{उबालना}]{H_2O}\underset{\text{प्रोपेन-2-ऑल}}{CH_3-\underset{OH}{\underset{|}{CH}}-CH_3}$$





एल्कोहल

(b) *ऑक्सीमरक्यूरीकरण-विमरक्यूरीकरण*

$$>C=C<+H_2O+\underset{\text{मरक्यूरिक एसीटेट}}{Hg(OAc)_2}\xrightarrow{\text{ऑक्सीमरक्यूरीकरण}}$$

$$-\underset{OH}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-\underset{HgOAc}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-\xrightarrow[\text{विमरक्यूरीकरण}]{NaBH_4}\underset{\text{एल्कोहल}}{-\underset{OH}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-\underset{H}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-}$$

यह अभिक्रिया अत्यन्त तीव्र गति से होती है एवं उच्च मात्रा में एल्कोहल बनाती है। एल्कीन पर जल का योग मार्कोनीकॉफ नियम के अनुसार होता है तथा एल्कोहल बनता है।

(c) *हाइड्रोबोरीकरण ऑक्सीकरण* (HBO) : (प्रतिमार्कोनीकॉफ अभिविन्यास)

$$>C=C<+H-BH_2\rightarrow -\underset{H}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-\underset{BH_2}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-\xrightarrow{H_2O_2,\,OH^-}\underset{\text{एल्कोहल}}{-\underset{H}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-\underset{OH}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}-}$$

डाईबोरेन इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक होता है। यह इलेक्ट्रोफाइल की तरह कार्य करता है एवं एल्कीन से क्रिया कर एल्किलबोरेन, $RB$ बनाता है।

$$R-CH=CH_2+H-BH_2\rightarrow \underset{\text{एल्किल बोरेन}}{R-\underset{H}{\underset{|}{CH}}-\underset{BH_2}{\underset{|}{CH_2}}}\xrightarrow{RCH=CH_2}$$

$$\underset{\text{डाईएल्किल बोरेन}}{(RCH_2CH_2)_2BH}\xrightarrow{RCH=CH_2}\underset{\text{ट्राईएल्किल बोरेन}}{(RCH_2CH_2)_3B}$$

❑ *HBO में कार्बोधनायन मध्यवर्ती नहीं है, इसलिये कोई पुनर्व्यवस्थापन नहीं होता।*

(iii) ***कार्बोनिल यौगिकों के अपचयन द्वारा :*** बोवेल्ट ब्लैंक अपचयन

$$\underset{\text{एल्डिहाइड}}{RCHO} + H_2 \xrightarrow[LiAlH_4]{Pd} \underset{\text{प्राथमिक एल्कोहल}}{RCH_2OH}$$

$$\underset{\text{कीटोन}}{RCOR'} + H_2 \xrightarrow[\text{या } Ni/Pt]{NaBH_4} \underset{\text{द्वितीयक एल्कोहल}}{R-\underset{OH}{\underset{|}{CH}}-R'}$$




$LiAlH_4$ भी एपॉक्साइड को एल्कोहल में अपचयित करता है

$$\underset{\diagdown O \diagup}{CH_2 - CH_2} + LiAlH_4 \rightarrow CH_3 - CH_2OH$$

हाइड्राइड एपॉक्साइड के कम एल्कायलीकृत कार्बन पर आक्रमण करता है।

$$CH_3 - \overset{CH_3}{\overset{|}{C}} - CH_2 \;(O)\; + H^- \xrightarrow[H^+]{LiAlH_4} CH_3 - \overset{CH_3}{\overset{|}{C}} - CH_3 \quad (\text{with } OH \text{ on central } C)$$

(iv) ***कार्बोक्सिलिक अम्ल एवं उनके व्युत्पन्नों के अपचयन द्वारा***

$$\underset{\text{कार्बोक्सिलिक अम्ल}}{R-COOH} \xrightarrow[(ii)H_2O]{(i)LiAlH_4} \underset{\text{प्राथमिक एल्कोहल}}{RCH_2OH}$$

$$\underset{\text{कार्बोक्सिलिक अम्ल}}{RCOOH} \rightarrow \underset{\text{एस्टर}}{RCOOR'} \xrightarrow[\text{उत्प्रेरक}]{H_2} RCH_2OH + R'OH$$

एस्टर भी एल्कोहल में अपचयित होते हैं

(बोवेल्ट ब्लेंक अभिक्रिया)

$$\underset{\substack{\text{मेथिल एसीटेट}\\(\text{एस्टर})}}{CH_3-\overset{O}{\overset{||}{C}}-OCH_3} + 4[H] \xrightarrow{Na/C_2H_5OH} \underset{\text{एथेनॉल}}{CH_3CH_2OH} + \underset{\text{मेथेनॉल}}{CH_3OH}$$

❑ *एल्यूमीनियम आइसोप्रोपोक्साइड के साथ अपचयन मीरविन-पोन्डोर्फ वर्ले अपचयन (MPV) कहलाता है।*

$$Me_2C = O + \underset{\text{आइसोप्रोपिल एल्कोहल}}{(CH_3)_2CHOH} \xrightarrow{Al(OCHMe_2)}$$

$$Me_2CHOH + \begin{matrix} CH_3 \\ CH_3 \end{matrix}\!\!\!> C = O$$

(v) ***एस्टर के क्षारीय जल अपघटन द्वारा***

$$R-\overset{O}{\overset{||}{C}}-O\boxed{R' + HO}Na(\text{aq}) \rightarrow \underset{\substack{\text{अम्ल का}\\\text{सोडियम लवण}}}{R-\overset{O}{\overset{||}{C}}-ONa} + \underset{\text{एल्कोहल}}{R'OH}.$$

(vi) ***प्राथमिक एमीन से***

$$\underset{\text{एमीनोएथेन}}{CH_3CH_2NH_2} + HONO \xrightarrow{NaNO_2/HCl}$$

$$\underset{\text{एथेनॉल}}{CH_3CH_2OH} + N_2 + H_2O$$

❑ *यह एल्कोहल बनाने की उत्तम विधि नहीं है, क्योंकि कई उपजात जैसे एल्किल क्लोराइड, एल्कीन एवं ईथर बनते हैं।*

(vii) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से***

(a) *ऑक्सीजन के साथ :*

$$2R-Mg-X + O_2 \xrightarrow[Al_2O_3]{\Delta} 2R-O-Mg-X.$$

$$\xrightarrow{2HOH} 2ROH + 2Mg(X)OH$$

(b) *एथिलीन ऑक्साइड के साथ :*

$$R^{\delta-} - Mg^{\delta+} - X + \underset{\diagdown O_{\delta-} \diagup}{\overset{\delta+}{CH_2} - \overset{\delta+}{CH_2}} \rightarrow$$

$$RCH_2CH_2 - OMgX \xrightarrow{H_2O} RCH_2CH_2OH + Mg(X)OH$$

(c) *कार्बोनिल यौगिकों के साथ :*

$$\overset{\delta-}{R}-\overset{\delta+}{Mg}-X + R'-\overset{H}{\overset{|}{\underset{O_{\delta-}}{\underset{||}{C^{\delta+}}}}} \rightarrow R'-\overset{H}{\overset{|}{\underset{OMgX}{\underset{|}{C}}}}-R \xrightarrow{H_2O} R'-\overset{H}{\overset{|}{\underset{OH}{\underset{|}{C}}}}-R$$

❑ *यदि R′ = H, तो उत्पाद 1° एल्कोहल होगा।*

❑ *यदि R′ = R, तो उत्पाद 2° एल्कोहल होगा।*

❑ *यदि कार्बोनिल यौगिक कीटोन है, तो उत्पाद 3° एल्कोहल होगा ।*

❑ *यह एल्कोहल बनाने की सर्वोत्तम विधि है, क्योंकि इससे हम प्रत्येक प्रकार का एल्कोहल बना सकते हैं।*

(viii) ***ऑक्सो विधि :*** इसे कार्बोनिलीकरण या हाइड्रोफॉर्मलीकरण अभिक्रिया भी कहते हैं। एल्कीन, कार्बन मोनोऑक्साइड एवं हाइड्रोजन का मिश्रण, कम दाब तथा उच्च ताप पर उत्प्रेरक की उपस्थिति में एल्डिहाइड बनाता है।

उत्प्रेरक कोबाल्ट कार्बोनिल हाइड्राइड $[CoH(CO)_4]$ होता है। उत्पाद समावयवी सीधी श्रृंखला (मुख्य) एवं शाखित श्रृंखला (गौण) एल्डिहाइड का मिश्रण होता है। एल्डिहाइड को उत्प्रेरक द्वारा संबंधित एल्कोहल में अपचयित कर लेते हैं।

$$2CH_3 - CH = CH_2 + 2CO + 2H_2 \rightarrow$$

$$\rightarrow \underset{(\text{अल्प मात्रा})}{CH_3 - \underset{CH_3}{\underset{|}{CH}} - CHO} \xrightarrow[Zn-Cu]{H_2} \underset{\text{आइसोब्यूटिल एल्कोहल}}{CH_3 - \underset{CH_3}{\underset{|}{CH}} - CH_2OH}$$

$$\rightarrow \underset{(\text{मुख्य})}{CH_3 - CH_2 - CH_2 - CHO} \xrightarrow[Zn-Cu]{H_2}$$

$$\underset{n\text{-ब्यूटिल एल्कोहल}}{CH_3 - CH_2 - CH_2 - CH_2 - OH}$$

**(2) मोनोहाइड्रिक एल्कोहल के भौतिक गुण**

(i) ***लक्षण :*** एल्कोहल उदासीन पदार्थ होते हैं। इनका लिटमस पत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यह एल्कोहल के लिये विश्लेषणात्मक परीक्षण होता है।

(ii) ***भौतिक अवस्था :*** निम्न एल्कोहल ($C$ तक) विशिष्ट गंध एवं ज्वलन स्वाद वाले रंगहीन द्रव होते हैं। 12-कार्बन परमाणु से अधिक वाले उच्च सदस्य रंगहीन एवं गंधहीन ठोस होते हैं।

(iii) ***ध्रुवीय लक्षण :*** $-OH$ समूह का ऑक्सीजन परमाणु कार्बन एवं हाइड्रोजन परमाणु से अधिक ऋणविद्युती होता है। इसलिये ऑक्सीजन परमाणु के पास इलेक्ट्रॉन घनत्व थोड़ा अधिक होता है। हाइड्रोजन बन्धन निम्न प्रकार से प्रदर्शित करते हैं।

$$H-\underset{R}{\underset{|}{O}}----H-\underset{R}{\underset{|}{O}}---H-\underset{R}{\underset{|}{O}}----H-\underset{R}{\underset{|}{O}}$$. यह $OH$ बन्ध को ध्रुवीय लक्षण देता है।

(iv) ***विलेयता :*** निम्न एल्कोहल जल के साथ मिश्रणीय है।

$$H-\underset{R}{\underset{|}{O}}:^{\delta-} -----^{\delta+}H-\underset{H}{\underset{|}{O}}:$$

$$\text{विलेयता} \propto \frac{1}{\text{एल्किल समूह का आकार}}$$

कार्बनिक श्रृंखला के बढ़ने से कार्बनिक भाग बढ़ता है, इसलिये जल में विलेयता घटती है।

समावयवी $1^o, 2^o, 3^o$ एल्कोहल की विलेयता का क्रम है : $1^o > 2^o > 3^o$.

(v) ***क्वथनांक*** : अन्तरअणुक हाइड्रोजन बन्ध के कारण एल्कोहल के क्वथनांक हाइड्रोकार्बन एवं ईथर से अधिक होते हैं।

$$\text{क्वथनांक} \propto \frac{1}{\text{शाखाओं की संख्या}};$$

क्वथनांक का क्रम है : $1^o > 2^o > 3^o$ एल्कोहल

(vi) ***घनत्व*** : एल्कोहल जल से हल्के होते हैं।

घनत्व $\propto$ अणुभार।

(vii) ***विषैला प्रभाव*** : मेथेनॉल विषैला होता है और यह पीने योग्य नहीं है। यह अन्धापन कर सकता है, एवं इसके पीने से मृत्यु भी हो सकती है। एथेनॉल को पीने में प्रयुक्त करते हैं।

(3) **रासायनिक गुण :** एल्कोहल की अभिलाक्षणिक अभिक्रियाएँ $-OH$ समूह की अभिक्रियाएँ हैं। हाइड्रॉक्सिल समूह की अभिक्रिया में या तो $C-O$ बन्ध का विदलन होता है, या $O-H$ बन्ध का विदलन होता है।

$$-\overset{|}{\underset{|}{C}}{}^{\delta+} \rightarrow \overset{\delta-}{O} \leftarrow H^{\delta+}$$

ध्रुवीय बन्ध

तृतीयक एल्कोहल के प्रकरण में, $C-O$ बन्ध एल्किल समूह के $+I$ प्रभाव के कारण दुर्बल होता है, जबकि $-OH$ बन्ध प्राथमिक एल्कोहल में दुर्बल होता है, क्योंकि $O-H$ बन्ध के मध्य इलेक्ट्रॉन घनत्व बढ़ता है। जिससे हाइड्रोजन में प्रोटोन की तरह पृथक होने की प्रवृत्ति आती है।

$$\underset{\text{प्राथमिक}}{R \rightarrow \overset{H}{\underset{H}{C}} - O \overset{\text{दुर्बल बन्ध}}{-} H} \; ; \quad \underset{\text{द्वितीयक}}{\begin{matrix} R \searrow \\ R \nearrow \end{matrix} CH - OH} \; ; \quad \underset{\text{तृतीयक}}{\begin{matrix} R \searrow \\ R \rightarrow \\ R \nearrow \end{matrix} C \underset{\uparrow \text{ दुर्बल बन्ध}}{-} O - H}$$

इसलिये प्राथमिक एल्कोहल अधिकांश अभिक्रियाएँ $O-H$ बन्ध के विदलन द्वारा देते हैं। जबकि तृतीयक एल्कोहल $C-O$ बन्ध के विदलन के कारण अधिक क्रियाशील होते हैं। इसलिये $-O-H$ विदलन क्रियाशीलता का क्रम प्राथमिक > द्वितीयक > तृतीयक एवं $C-O-$ विदलन क्रियाशीलता का क्रम तृतीयक > द्वितीयक > प्राथमिक है।

(i) ***अभिक्रिया जिनमें 'H प्रोटोन की तरह, $-O-H$ विदलन से निष्कासित होता है***

एल्कोहल टर्मिनल एसीटिलीन से अधिक अम्लीय होते हैं, किन्तु इतने अम्लीय नहीं होते कि जलीय $NaOH$ या $KOH$ से क्रिया कर सकें। अम्लीय प्रकृति का क्रम है

$$HOH > ROH > CH \equiv CH > NH_3 > RH.$$

एल्कोहल की अम्लीय प्रकृति $-OH$ बन्धित कार्बन पर एल्किल समूह के बढ़ने के साथ घटती है, क्योंकि एल्किल समूह का $+I$ (प्रेरणिक) प्रभाव बढ़ता है।

$$R \rightarrow -\overset{H}{\underset{H}{C}}-O \quad \overset{\longleftarrow\!\!\!\longleftarrow\!\!\!\longleftarrow}{H > R} \rightarrow \overset{R \downarrow}{\underset{H}{C}}-O \quad \overset{\longleftarrow\!\!\!\longleftarrow}{H > R} \rightarrow \overset{R \downarrow}{\underset{R \uparrow}{C}}-O \quad \overset{\longleftarrow}{H}$$

(a) *Na के साथ क्रिया* : (सक्रिय धातु)

$$2RO-H + 2M \rightarrow 2ROM + H_2 \; (M = Na, K, Mg, Al, \text{ आदि})$$

$H_2$ का निष्कासन $-OH$ की उपस्थिति दर्शाता है, एवं अभिक्रिया एल्कोहल की अम्लीय प्रकृति दर्शाती है। एल्कोहल ब्रॉन्सटेड अम्ल की तरह कार्य करता है, क्योंकि ये प्रबल क्षार $(:B^-)$ को प्रोटोन प्रदान करते हैं।

*उदाहरण* :

$$\underset{\substack{\text{एल्कोहल} \\ \text{(अम्ल)}}}{R-\ddot{\underset{..}{O}}-H} + \underset{\text{क्षार}}{:B^-} \rightarrow \underset{\substack{\text{एल्कोक्साइड} \\ \text{(संयुग्मी क्षार)}}}{R-\ddot{\underset{..}{O}}:^-} + \underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{B-H}$$

एल्कोक्साइड की जल के साथ क्रिया से प्रारम्भिक एल्कोहल प्राप्त होता है।

$$\underset{\text{अम्ल}}{H-\ddot{\underset{..}{O}}-H} + \underset{\text{क्षार}}{R\ddot{\underset{..}{O}}^-:} \rightarrow \underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{R-O-H} + \underset{\text{संयुग्मी क्षार}}{OH^-}$$

यह एल्कोहलों के लिये विश्लेषणात्मक परीक्षण हैं।

(b) *कार्बोक्सिलिक अम्ल के साथ क्रिया [एस्टरीकरण]* :

$$\underset{\text{अम्ल}}{RCO}-\boxed{OH + H-}\underset{\text{एल्कोहल}}{OR'} \xrightleftharpoons{\text{सान्द्र } H_2SO_4} \underset{\text{एस्टर}}{RCOOR'} + H_2O$$

जब $HCl$ गैस को उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त करते हैं, तो अभिक्रिया को फिशर-स्पियर एस्टरीकरण कहते हैं।

एल्कोहल या अम्ल में बड़े समूह की उपस्थिति एस्टरीकरण की दर घटाती है। यह बड़े समूह की त्रिविम बाधा के कारण होता है। इस अभिक्रिया में एल्कोहल की क्रियाशीलता का क्रम है $1^o > 2^o > 3^o$.

(c) *अम्ल व्युत्पन्न के साथ अभिक्रिया* : (एल्कोहल का विश्लेषणात्मक परीक्षण)

$$\underset{\text{एथेनोइल क्लोराइड}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-\boxed{Cl + H}}-\underset{\text{एथेनॉल}}{O-CH_2CH_3} \xrightarrow{\text{पिरिडीन}} \underset{\substack{\text{एथिल एथेनोएट} \\ \text{(एथिल एसीटेट)}}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-OCH_2CH_3} + HCl$$

$$\text{एसायलीकरण} : \underset{\text{एसीटिक एनहाइड्राइड}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-\boxed{O-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3 + H}}-\underset{\text{एथेनॉल}}{OCH_2CH_3} \rightarrow \underset{\text{एथिल एथेनोएट}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-OCH_2CH_3} + CH_3COOH$$

(d) *ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ अभिक्रिया* :

$$\underset{\substack{\text{मेथिल} \\ \text{एल्कोहल}}}{CH_3OH} + \underset{\substack{\text{एथिल मैग्नीशियम} \\ \text{ब्रोमाइड}}}{C_2H_5MgBr} \rightarrow \underset{\text{एथेन}}{C_2H_6} + CH_3OMgBr$$

(e) *कीटीन के साथ अभिक्रिया* :

$$R-\overset{\delta-}{O}-\overset{\delta+}{H} + CH_2 = \overset{\delta+}{C} = \overset{\delta-}{O} \rightarrow \underset{\text{(इनोल रूप)}}{CH_2 = \underset{H-O}{\underset{|}{C}}-O-R} \rightarrow \underset{\text{(कीटो रूप)}}{CH_3-\underset{O}{\underset{\|}{C}}-O-R}$$

(f) *आइसोसायनिक अम्ल के साथ क्रिया* :

$$R-\overset{\delta-}{O}-\overset{\delta+}{H} + H-N = \overset{\delta+}{\underset{O_{\delta-}}{\underset{\|}{C}}} \rightarrow H-N = \underset{OH}{\underset{|}{C}}-O-R \rightarrow \underset{\substack{\text{एमीनो एस्टर} \\ \text{(यूरीथेन)}}}{H-NH-\underset{O}{\underset{\|}{C}}-O-R}$$

(g) *एथिलीन ऑक्साइड के साथ क्रिया :*

$$R-O-H+\underset{\diagdown O \diagup}{CH_2-CH_2} \rightarrow \underset{OH}{CH_2}-\underset{OR}{CH_2} \xrightarrow[-H_2O]{ROH} \underset{OR}{CH_2}-\underset{OR}{CH_2}$$

1, 2-डाईएल्कोक्सीएथेन

(h) *डाइएजोमेथेन के साथ क्रिया:*

$$R-OH+CH_2N_2 \rightarrow \underset{(ईथर)}{R-O-CH_3}+N_2$$

(ii) ***एल्काइलीकरण***: $ROH+R'_2SO_4 \rightarrow ROR'+R'HSO_4$

(iii) ***अभिक्रिया जिनमें*** $-\overset{|}{\underset{|}{C}}-\vdots OH$ ***का विदलन होता है,***

***एवं –OH समूह का प्रतिस्थापन या निष्कासन होता है***

(a) *हाइड्रोजन हैलाइड के साथ अभिक्रिया* : एल्कोहल, एल्किल हैलाइड देते हैं। *HX* की क्रियाशीलता का क्रम *HI* > *HBr* > *HCl* है, एवं *ROH* की क्रियाशीलता का क्रम बेंजिल > एलिल > 3° > 2°> 1° है। अभिक्रिया नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन क्रियाविधि का पालन करती है।

**ग्रूव की विधि**

$$ROH+HX \xrightarrow[\text{निर्जल } \Delta]{ZnCl_2} R-X+H_2O$$

यदि एल्कोहल *HI* एवं लाल फॉस्फोरस के साथ क्रिया करता है, तो एल्केन बनता है।

$$C_2H_5OH+2HI \xrightarrow[\text{गर्म}]{\text{लाल } P} C_2H_6+I_2+H_2O$$

प्राथमिक एल्कोहल $S_{N^2}$ क्रियाविधि का पालन करता है;

$$\underset{\substack{\text{प्रोटीनीकृत} \\ 1^o \text{ एल्कोहल}}}{R-OH_2^+}+X^- \rightarrow {}^{\delta-}X---R---OH_2^{\delta+} \rightarrow R-X+H_2O$$

द्वितीयक एवं तृतीयक एल्कोहल में $S_{N^1}$ क्रियाविधि संचालित होती है

$$R-OH \overset{H}{\rightleftharpoons} R-OH_2^+ \overset{-HO}{\rightleftharpoons} R^+ \xrightarrow{X^-} R-X$$

(b) *PCl के साथ क्रिया:* $ROH+PX_5 \rightarrow RX+POX_3+HX$ ; *X*= *Cl*

(एल्कोहल का विश्लेषणात्मक परीक्षण)

(c) *PCl के साथ क्रिया:*

$$\underset{\text{एल्कोहल}}{3ROH}+\underset{\substack{\text{फॉस्फोरस}\\\text{ट्राईक्लोराइड}}}{PCl_3} \rightarrow \underset{\substack{\text{एल्किल}\\\text{क्लोराइड}}}{3RCl}+\underset{\substack{\text{फॉस्फोरस}\\\text{अम्ल}}}{H_3PO_3}$$

(d) *थायोनिल क्लोराइड [SOCl] के साथ क्रिया:*

$$ROH+SOCl_2 \xrightarrow{\text{पिरिडीन}} RCl+SO_2+HCl$$

(e) *अमोनिया के साथ क्रिया :*

$$ROH+NH_3 \xrightarrow[360^oC]{Al_2O_3} \underset{\substack{\text{प्राथमिक}\\\text{एमीन}}}{RNH_2}$$

$$\xrightarrow[Al_2O_3]{ROH} \underset{\substack{\text{द्वितीयक}\\\text{एमीन}}}{R_2NH} \xrightarrow[Al_2O_3]{ROH} \underset{\substack{\text{तृतीयक}\\\text{एमीन}}}{R_3N}$$

(f) *HNO के साथ क्रिया :*

$$R-OH+\text{सान्द्र } HNO_3 \rightarrow \underset{\text{एल्किल नाइट्रेट}}{R-O-N \lessgtr^{O}_{O}}+H_2O$$

(g) *HSO के साथ क्रिया* [एल्कोहल का निर्जलीकरण] : यौगिक से जल का निकलना निर्जलीकरण कहलाता है। निर्जलीकरण का क्रम है तृतीयक > द्वितीयक > प्राथमिक एल्कोहल। एल्कोहल के निर्जलीकरण के उत्पाद निर्जलीकारक की प्रकृति तथा ताप पर निर्भर करते हैं।

$$CH_3-CH_2-OH \xrightarrow{H_2SO_4} \begin{cases} \xrightarrow[170]{\text{सान्द्र } HSO} \underset{\text{एथिलीन}}{CH = CH} \\ \xrightarrow[HSO]{110^o} \underset{\text{एथिल हाइड्रोजन सल्फेट}}{CHHSO} \\ \xrightarrow{140^oC} \underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{CHO-CH} \end{cases}$$

$$CH_3-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{C}}-\underset{CH_3}{\overset{OH}{C}}-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{C}}-CH_3 \xrightarrow{H/HSO}$$




संयुग्मित एल्कीन के प्रतिनिधि एल्कोहल, असंयुग्मित एल्कीन के प्रतिनिधि एल्कोहल से अधिक मात्रा में निर्जलीकृत होते हैं। इस तरह निर्जलीकरण का क्रम है,

$$CH_2=CH-\underset{OH}{CH}-CH_3 > CH_3-CH_2-\underset{OH}{CH}-CH_3$$

$$CH_3-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{C}}-\underset{OH}{CH}-CH_3 \xrightarrow[-H_2O]{H_2SO_4} CH_3-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{C}}-\underset{\oplus}{CH}-CH_3 \rightarrow$$

$$CH_3-\underset{\oplus}{\overset{CH_3}{C}}-\underset{}{\overset{CH_3}{CH}}-CH_3 \xrightarrow{-H^+} CH_3-\underset{CH_3}{C}=C \lessgtr^{CH_3}_{CH_3}$$

2-एल्कीन



(iv) ***एल्कोहल की सामान्य अभिक्रियाएँ***

(a) *अपचयन* : $R-OH+2HI\xrightarrow{\Delta}R-H+H_2O+I_2$

(b) *ऑक्सीकरण* : 1°, 2° एवं 3° एल्कोहल में विभेद

$1^\circ \rightarrow RCH_2OH \rightarrow R-C(H)=O \rightarrow R-C(OH)=O$
(एल्डिहाइड) (कार्बोक्सिलिक अम्ल)

$2^\circ \rightarrow R-CH(OH)-R' \xrightarrow{CrO_3} R-C(=O)-R'$
(द्वितीयक एल्कोहल)

$\xrightarrow[\text{विकृत परिस्थितियाँ}]{O} RCOOH+CO_2+H_2O$

$3^\circ \rightarrow CH_3-C(CH_3)(CH_3)-OH \xrightarrow[\text{(प्रबल परिस्थितियों के अंतर्गत)}]{4[O]} CH_3-C(CH_3)=O$
तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल (तृतीयक) — एसीटोन (कार्बन परमाणुओं की कम संख्या)

$\xrightarrow[\text{(प्रबल परिस्थितियों के अंतर्गत)}]{4[O]} CH_3COOH+CO_2+H_2O$
एसीटिक अम्ल (कार्बन परमाणुओं की कम संख्या)

❑ *3° एल्कोहल ऑक्सीकरण के प्रति प्रतिरोधी है, किन्तु प्रबल ऑक्सीकारक लेने पर यह कीटोन बनाते हैं।*

(c) उत्प्रेरकीय ऑक्सीकरण / विहाइड्रोजनीकरण

$1^\circ\ CH_3-C(H)(H)-OH \xrightarrow{Cu,\,573\,K} CH_3-C(H)=O+H_2$
एथेनॉल (प्राथमिक एल्कोहल) — एथेनल (एसीटल्डिहाइड)

$2^\circ\ CH_3-C(CH_3)(H)-OH \xrightarrow{Cu,\,573\,K} CH_3-C(CH_3)=O+H_2$
2-प्रोपेनॉल (द्वितीयक एल्कोहल) — प्रोपेनॉन (एसीटोन)

$3^\circ\ CH_3-C(CH_3)(CH_3)-OH \xrightarrow{Cu,\,573\,K} CH_3-C(CH_3)=CH_2+H_2O$
2-मेथिलप्रोपेन-2-ऑल (तृतीयक एल्कोहल) — 2-मेथिल प्रोपेन (एल्कीन)

### *एल्कोहल के ऑक्सीकरण में प्रयुक्त मुख्य अभिकर्मक*

• PCC [पिरीडीनियम क्लोरो क्रोमेट $(C_6H_5\overset{\oplus}{N}HClCrO_3^-)$] 1° एल्कोहल को एल्डिहाइड में तथा 2° एल्कोहल को कीटोन में ऑक्सीकृत करता है।

• PDC [पिरीडीनियम डाईक्रोमेट $(C_5H_5.NH)_2^{2+}Cr_2O_7^{2-}$] 1° एल्कोहल को एल्डिहाइड में तथा 2° एल्कोहल को कीटोन में ऑक्सीकृत करता है।

• $H_2CrO_4$ (क्रोमिक अम्ल) 1° एल्कोहल को कार्बोक्सिलिक अम्ल में ऑक्सीकृत करता है।

• $CrO_3\cdot H_2SO_4$ / एसीटोन, 2° एल्कोहल को कीटोन में ऑक्सीकृत करता है।

• जोन्स अभिकर्मक (जलीय एसीटोन विलयन में क्रोमिक अम्ल), 1° एल्कोहल को एल्डिहाइड तथा 2° एल्कोहल को कीटोन में बिना द्विबन्ध ($C=C$) को प्रभावित किये ऑक्सीकृत करता है।

• $MnO_2$, एलिलिक एवं बेंजायलिक के 1° एवं 2° एल्कोहल के $-OH$ समूह को ऑक्सीकृत करते हैं, तथा क्रमशः एल्डिहाइड एवं कीटोन देते हैं।

• $CHCl_3$ में $N_2O_4$, प्राथमिक एवं द्वितीयक बेंजिल एल्कोहल को ऑक्सीकृत करता है

(d) *स्वसंघनन* : **गुरबेट अभिक्रिया**

$R-CH_2-CH_2-OH+H-CH(R)-CH_2-OH$

$\xrightarrow{NaOC_2H_5,\,\Delta} R-CH_2-CH_2-CH(R)-CH_2-OH$
उच्च एल्कोहल

(e) *सैरिक अमोनियम नाइट्रेट के साथ क्रिया* : सैरिक अमोनियम (पीला रंग) नाइट्रेट $+ROH\rightarrow$ लाल रंग के संकुल का विलयन । यह एल्कोहल के लिये विश्लेषणात्मक परीक्षण है।

(f) *आयोडोफॉर्म परीक्षण* : जब एल्कोहल की कुछ बूंदों को आयोडीन एवं $NaOH$ के साथ गर्म करते हैं, तो आयोडोफॉर्म का विशिष्ट गंध वाला पीले रंग का अवक्षेप प्राप्त होता है। कोई भी एल्कोहल जिसमें $CH_3CHOH$ समूह होता है, आयोडोफॉर्म परीक्षण देते हैं।

चूँकि अभिक्रिया क्षारीय विलयन में होती है, जो एक अभिकर्मक की तरह है, इसलिये एल्किल हैलाइड जैसे $CH_3-CH_2Cl$ एवं $CH_3-CH(Cl)-R$ भी ये परीक्षण देंगे।

(4) **मोनोहाइड्रिक एल्कोहल के उपयोग :**

(i) ***एथेनॉल के उपयोग*** : यह उपयोग होता है

(a) एल्कोहलिक पेय के निर्माण में, (b) पेन्ट, वार्निश, तेल, सुगंधित पदार्थो इत्यादि में विलायक के रुप में, (c) क्लोरोफॉर्म, ईथर इत्यादि जैसे रसायनों के निर्माण में, (d) स्पिरिट लैम्प में ईधन के रुप में, (e) गाड़ियों के रेडियेटरों में प्रतिशीतलक के रुप में, (f) स्पिरिट मापक जैसे वैज्ञानिक उपकरणों में, (g) शक्ति एल्कोहल के रुप में।

(ii) ***मेथेनॉल के उपयोग*** :

(a) मेथेनॉल, फॉर्मेल्डिहाइड, एसीटिक अम्ल एवं दूसरे रसायनों के निर्माण के लिये महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रारंभिक पदार्थ हैं।

(b) ईधन के रुप में (एक पेट्रोल प्रतिस्थापी)। गैसोलिन एवं 20% मेथिल एल्कोहल का मिश्रण एक अच्छा मोटर ईंधन है।

(c) गाड़ियों के रेडियेटरों में प्रतिशीतलक के रुप में।

(d) एथिल एल्कोहल को विकृत करने के लिये, यह मिश्रण मेथिलीकृत स्पिरिट कहलाता है।

(e) रंजक, दवाईयाँ और सुगंधित पदार्थ के निर्माण में, मेथिल सेलिसिलेट एवं मेथिल एन्थ्राएनीलेट सुगंधित द्रव्यों के निर्माण में उपयोग होते हैं।

सारणी : 26.1 मेथेनॉल एवं एथेनॉल में अन्तर

| मेथेनॉल | एथेनॉल |
|---|---|
| (i) जब $CH_3OH$ को $Cu$ कुंडली पर गर्म करते हैं, तो यह फॉर्मेलिन जैसी गन्ध देता है। | (i) यह फॉर्मेलिन जैसी गन्ध नहीं देता। |
| (ii) जब $CH_3OH$ को सैलिसिलिक अम्ल के साथ $H_2SO_4$ (सान्द्र) में गर्म करते हैं, तब मेथिल सेलिसिलेट बनता है, जिसकी विन्टर ग्रीन तेल के समान गन्ध होती है। | (ii) इस प्रकार की गन्ध नहीं दी जाती। |
| (iii) ये हैलोफॉर्म या आयोडोफॉर्म परीक्षण नहीं देता। | (iii) यह हैलोफॉर्म परीक्षण देता है। |

मोनोहाइड्रिक एल्कोहलों का अन्तर परिवर्तन

(i) ***प्राथमिक एल्कोहल का द्वितीयक एल्कोहल में***

$$\underset{\substack{\text{प्रोपेन-1-ऑल}\\(1^\circ \text{ एल्कोहल})}}{C_3H_7OH} \xrightarrow{SOCl_2} C_3H_7Cl \xrightarrow{\text{एल्को } KOH} \underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH=CH_2}$$

$$\xrightarrow{HBr} CH_3\underset{\substack{|\\Br}}{CH}CH_3 \xrightarrow{\text{एल्को } KOH} \underset{\substack{\text{प्रोपेन-2-ऑल}\\(2^\circ \text{ एल्कोहल})}}{CH_3\underset{\substack{|\\OH}}{CH}CH_3}$$

(ii) ***द्वितीयक एल्कोहल का तृतीयक एल्कोहल में***

$$\underset{\substack{\text{प्रोपेन-2-ऑल}\\(\text{आइसोप्रोपिल एल्कोहल})\\(2^\circ \text{ एल्कोहल})}}{CH_3-\overset{\substack{OH\\|}}{CH}-CH_3} \xrightarrow[K_2Cr_2O_7/H^+]{[O]} CH_3-\overset{\substack{O\\\|}}{C}-CH_3 \xrightarrow{CH_3MgBr} CH_3-\underset{\substack{|\\CH_3}}{\overset{\substack{OMgBr\\|}}{C}}-CH_3 \xrightarrow{H^+,H_2O} \underset{\substack{\text{2-मेथिल प्रोपेन-2-ऑल}\\(3^\circ)(\text{तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल})}}{CH_3-\underset{\substack{|\\CH_3}}{\overset{\substack{OH\\|}}{C}}-CH_3}$$

(iii) ***प्राथमिक एल्कोहल का तृतीयक एल्कोहल में***

$$\underset{\substack{\text{2-मेथिल प्रोपन-1-ऑल}(1^\circ)\\(\text{आइसो ब्यूटिल एल्कोहल})}}{CH_3\overset{\substack{CH_3\\|}}{CH}CH_2OH} \xrightarrow[\text{निर्जलीकरण}]{H_2SO_4,\text{ गर्म}} CH_3-\overset{\substack{CH_3\\|}}{C}=CH_2 \xrightarrow[\text{मार्कोनीकॉफ नियम}]{HBr}$$

$$CH_3-\underset{\substack{|\\Br}}{\overset{\substack{CH_3\\|}}{C}}-CH_3 \xrightarrow{aq.\ KOH} \underset{\substack{\text{2-मेथिल प्रोपेन-2-ऑल}(3^\circ)\\(\text{तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल})}}{CH_3-\underset{\substack{|\\OH}}{\overset{\substack{CH_3\\|}}{C}}-CH_3}$$

(iv) ***निम्न एल्कोहल का उच्च एल्कोहल में*** (श्रेणी का उच्चयन)

$$\underset{\substack{\text{मेथेनॉल}\\(1\text{ कार्बन परमाणु})}}{CH_3OH} \xrightarrow{HI} CH_3I \xrightarrow{KCN} CH_3CN$$

$$\xrightarrow[\text{अपचयन}]{4(H)} CH_3CH_2NH_2 \xrightarrow{HONO} \underset{\substack{\text{एथेनॉल}\\(2\text{ कार्बन परमाणु})}}{CH_3CH_2OH}$$

(v) ***उच्च एल्कोहल का निम्न एल्कोहल में*** (श्रेणी का निम्नन)

$$\underset{\substack{\text{एथेनॉल}\\(2\text{ कार्बन परमाणु})}}{C_2H_5OH} \xrightarrow[{[O]}]{K_2Cr_2O_7,H^+} CH_3COOH \xrightarrow{NaOH} CH_3COONa$$

$$\xrightarrow[\text{गर्म}]{NaOH+CaO} CH_4 \xrightarrow{Cl_2} CH_3Cl \xrightarrow{aq.\ KOH} \underset{\substack{\text{मेथेनॉल}\\(\text{एक कार्बन परमाणु})}}{CH_3OH}$$

प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एल्कोहल के बीच विभेद

(i) ***ल्यूकास परीक्षण*** : निर्जलीय $ZnCl_2$ + सान्द्र $HCl$ का मिश्रण ल्यूकास अभिकर्मक कहलाता है।

| | |
|---|---|
| प्राथमिक | $R-CH_2-OH \xrightarrow[-H_2O]{\text{सान्द्र } HCl/ZnCl_2 \text{ निर्जल}} R-CH_2-Cl \rightarrow$ गर्म करने के बाद अवक्षेप |
| द्वितीयक | $R_2CH-OH \xrightarrow[-H_2O]{\text{सान्द्र } HCl/ZnCl_2 \text{ निर्जल}} R_2-CH-Cl \rightarrow$ 5 मिनट बाद अवक्षेप |
| तृतीयक | $R_3C-OH \xrightarrow{ZnCl_2/HCl} R_3C-Cl \rightarrow$ तुरन्त अवक्षेप |

(ii) ***विक्टर मेयर परीक्षण*** : इसे RBW परीक्षण भी कहते हैं। लाल, नीला, सफेद परीक्षण।

| | |
|---|---|
| प्राथमिक | $C_2H_5OH \xrightarrow{P+I_2} C_2H_5I \xrightarrow{AgNO_2} C_2H_5NO_2 \xrightarrow{HONO} \underset{\text{नाइट्रोलिक अम्ल}}{CH_3-\underset{\substack{\|\\NOH}}{C}-NO_2} \xrightarrow{NaOH} \underset{\text{नाइट्रोलिक अम्ल का सोडियम लवण (लाल रंग)}}{CH_3-\underset{\substack{\|\\NONa}}{C}-NO_2}$ |
| द्वितीयक | $(CH_3)_2CHOH \xrightarrow{P+I_2} (CH_3)_2CHI \xrightarrow{AgNO_2} (CH_3)_2-\underset{\substack{|\\H}}{C}NO_2 \xrightarrow{HONO} (CH_3)_2-\underset{\substack{|\\NO}}{C}NO_2 \xrightarrow{NaOH}$ कोई अभिक्रिया नहीं (नीला रंग) |
| तृतीयक | $(CH_3)_3COH \xrightarrow{P+I_2} (CH_3)_3CI \xrightarrow{AgNO_2} (CH_3)_3CNO_2 \xrightarrow{HONO}$ कोई अभिक्रिया नहीं (रंगहीन) |

## डाईहाइड्रिक एल्कोहल (Dihydric alcohols)

ये वे यौगिक हैं, जिनमें दो हाइड्रॉक्सिल समूह होते हैं। ये एल्केन के डाईहाइड्रॉक्सी व्युत्पन्न होते हैं। इनका सामान्य सूत्र $C_nH_{2n+2}O_2$ होता है। सबसे सरल एवं प्रमुख डाईहाइड्रिक एल्कोहल एथिलीन ग्लायकॉल है। इन्हें $\alpha, \beta, \gamma$..... ग्लायकॉल की तरह विभाजित करते हैं, जो कि दो हाइड्रॉक्सिल समूह की सापेक्षिक स्थिति के अनुसार है। $\alpha$ एक 1, 2 ग्लायकॉल एवं $\beta$ एक 1, 3 ग्लायकॉल है।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***एथिलीन से :*** (a) बेयर अभिकर्मक के ठण्डे तनु क्षारीय विलयन द्वारा




(b) *Ag की उपस्थिति में $O_2$ के साथ :*

$$\underset{\text{एथिलीन}}{\begin{matrix} CH_2 \\ \| \\ CH_2 \end{matrix}} + \frac{1}{2}O_2 \xrightarrow[Ag, 200-400°C]{\text{उत्प्रेरक}} \underset{\text{एथिलीन ऑक्साइड}}{\begin{matrix} CH_2 \\ | \\ CH_2 \end{matrix}\!\!>O} \xrightarrow[\text{तनु } HCl]{H_2O} \underset{\text{एथिलीन ग्लायकॉल}}{\begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix}}$$

(c) *HOCl के साथ क्रिया तत्पश्चात् जल अपघटन द्वारा* : (औद्योगिक विधि)

$$\begin{matrix} CH_2 \\ \| \\ CH_2 \end{matrix} + HOCl \rightarrow \underset{\text{एथिलीन क्लोरोहाइड्रिन}}{\begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CH_2Cl \end{matrix}}$$

$$\xrightarrow{NaHCO_3} \underset{\text{ग्लायकॉल}}{\begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix}} + NaCl + CO_2$$

(ii) 1, 2 ***डाईब्रोमोएथेन से*** [प्रयोगशाला विधि] :

$$\begin{matrix} CH_2Br \\ | \\ CH_2Br \end{matrix} + Na_2CO_3 + H_2O \rightarrow \begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix} + 2NaBr + CO_2$$

$$\begin{matrix} CH_2Br \\ | \\ CH_2Br \end{matrix} + 2CH_3COOK \xrightarrow[-2KBr]{CH_3COOH} \underset{\text{ग्लायकॉल डाईएसीटेट}}{\begin{matrix} CH_2OOCCH_3 \\ | \\ CH_2OOCCH_3 \end{matrix}}$$

$$\xrightarrow{NaOH} \begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix} + 2CH_3COONa$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) यह रंगहीन, गाढ़ा एवं मीठे स्वाद वाला द्रव होता है। जिसका क्वथनांक $197°C$ है।

(ii) यह सभी अनुपात में जल एवं एथेनॉल के साथ मिश्रणीय है, किन्तु ईथर में अघुलनशील है।

(iii) यह मेथेनॉल के समान विषैला है, जब इसे मुँह से लिया जाता है।

(iv) इसे विलायक एवं प्रशीतक कारक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(3) **रासायनिक गुण**



डाईऑक्सेलेन का बनना क्षारीय माध्यम में अभिक्रिया अध्ययन में कार्बोनिल समूह के रक्षण का रास्ता प्रदान करता है जिसमें एसीटल प्रभावित नहीं होता। परआयोडिक अम्ल को डाईऑक्सेलेन के जलीय विलयन में मिलाकर या अम्लीय जल अपघटन द्वारा कार्बोनिल यौगिकों को पुनः उत्पन्न कर सकते हैं,

$$\begin{matrix}R\\ \\R\end{matrix}\Big\rangle C=O+\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH_2OH\end{matrix}\rightarrow\begin{matrix}R\\ \\R\end{matrix}\Big\rangle C\Big\langle\begin{matrix}O-CH_2\\|\\O-CH_2\end{matrix}\xrightarrow{HIO_4}R-CO-R+2HCHO$$

डाईऑक्सेलेन के निर्माण में एल्डिहाइड, कीटोन से अधिक क्रियाशील होता है।




(4) **उपयोग**

(i) कार रेडियेटर में प्रशीतक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(ii) डेक्रोन, डाईऑक्सेन आदि के निर्माण में प्रयुक्त करते हैं।

(iii) विलायक एवं परिरक्षक की तरह

(iv) हवाईजहाज में शीतलकारक के रूप में

(v) डाईनाइट्रेट के रूप में विस्फोटक की तरह

## ट्राईहाइड्रिक एल्कोहल (Trihydric alcohol)

ग्लिसरॉल एक मात्र महत्वपूर्ण ट्राईहाइड्रिक एल्कोहल है (प्रोपेन-1, 2, 3-ट्राईऑल)। यह लगभग सभी जन्तु एवं वनस्पति तेलों तथा वसाओं में ग्लाइकोसायड की तरह पाया जाता है।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***तेल एवं वसा से***

$$\underset{\text{तेल या वसा}}{\begin{matrix}CH_2OOCR\\|\\CH\ OOCR\\|\\CH_2OOCR\end{matrix}}+\underset{\text{भाप}}{3H_2O}\rightarrow\underset{\text{ग्लिसरॉल}}{\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH\ OH\\|\\CH_2OH\end{matrix}}+\underset{\text{वसीय अम्ल}}{3RCOOH}$$

$$\underset{\text{तेल या वसा}}{\begin{matrix}CH_2OOCR\\|\\CH\ OOCR\\|\\CH_2OOCR\end{matrix}}\begin{matrix}NaOH\\+NaOH\\NaOH\end{matrix}\xrightarrow{\text{जल अपघटन}}\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH\ OH\\|\\CH_2OH\end{matrix}+\underset{\text{उच्च वसीय अम्लों का सोडियम लवण}}{3RCOONa}$$

(ii) ***शर्करा के किण्वन द्वारा***

$$\underset{\text{ग्लूकोज}}{C_6H_{12}C_6}\xrightarrow[Na_2SO_3]{\text{यीस्ट}}\underset{\text{ग्लिसरॉल}}{C_3H_8O_3}+\underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO}+CO_2$$

(iii) ***प्रोपीन से*** [आधुनिक विधि]

$$\underset{\text{प्रोपीन}}{\begin{matrix}CH_3\\|\\CH\\||\\CH_2\end{matrix}}\xrightarrow[600^oC]{Cl_2}\underset{\text{एलिल क्लोराइड}}{\begin{matrix}CH_2Cl\\|\\CH\\||\\CH_2\end{matrix}}\xrightarrow{NaOH\text{ (तनु)}}\underset{\text{एलिल एल्कोहल}}{\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH\\||\\CH_2\end{matrix}}$$

$$\xrightarrow{HOCl}\underset{\beta\text{-मोनोक्लोरोहाइड्रिन}}{\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH\ \ Cl\\|\\CH_2-OH\end{matrix}}\xrightarrow{\text{जलीय }NaOH}\underset{\text{ग्लिसरॉल}}{\begin{matrix}CH_2-OH\\|\\CH-OH\\|\\CH_2-OH\end{matrix}}$$

(iv) ***प्रोपीनल से***:

$$CH_2=CHCHO\xrightarrow[\text{उत्प्रेरक}]{H_2}CH_2=CHCH_2OH$$

$$\xrightarrow{H_2O_2/\overset{\ominus}{O}H}\underset{\text{ग्लिसरॉल}}{HOCH_2CHOHCH_2OH}$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) यह रंगहीन, गंधहीन, गाढ़ा एवं आर्द्रताग्राही द्रव है।

(ii) इसका क्वथनांक उच्च होता है, जो कि $290°C$ होता है। ग्लिसरॉल का गाढ़ापन एवं उच्च क्वथनांक हाइड्रोजन बन्धन द्वारा होता है।

(iii) यह जल एवं एथिल एल्कोहल में घुलनशील है, किन्तु ईथर में अघुलनशील है।

(iv) यह स्वाद में मीठा एवं अविषैली प्रकृति का होता है।

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***सोडियम के साथ क्रिया***

$$\begin{matrix}CH_2-OH\\|\\CH-OH\\|\\CH_2-OH\end{matrix}\xrightarrow[\text{कमरे का ताप}]{Na}\underset{\text{मोनोसोडियम ग्लिसरॉल}}{\begin{matrix}CH_2ONa\\|\\CH-OH\\|\\CH_2-OH\end{matrix}}\xrightarrow[\text{कमरे का ताप}]{Na}\underset{\text{डाईसोडियम ग्लायकोलेट}}{\begin{matrix}CH_2ONa\\|\\CH-OH\\|\\CH_2ONa\end{matrix}}$$

(ii) ***$PCl_5$, $PBr_3$ एवं $PI_3$ के साथ क्रिया***

(a) $$\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH\ OH\\|\\CH_2OH\end{matrix}+3PCl_5\rightarrow\underset{\substack{\text{ग्लिसरिल ट्राईक्लोराइड}\\(1,2,3\text{-ट्राईक्लोरोप्रोपेन})}}{\begin{matrix}CH_2Cl\\|\\CH\ Cl\\|\\CH_2Cl\end{matrix}}+3POCl_3+3HCl$$

(b) $$\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH\ OH\\|\\CH_2OH\end{matrix}+PBr_3\rightarrow\underset{1,2,3\text{-ट्राईब्रोमोप्रोपेन}}{\begin{matrix}CH_2Br\\|\\CH\ Br\\|\\CH_2Br\end{matrix}}+H_3PO_3$$

(c) $$\begin{matrix}CH_2OH\\|\\CH\ OH\\|\\CH_2OH\end{matrix}+PI_3\rightarrow\underset{\text{(अस्थायी)}}{\begin{bmatrix}CH_2I\\|\\CH\ I\\|\\CH_2I\end{bmatrix}}\rightarrow\underset{\text{एलिल आयोडाइड}}{\begin{matrix}CH_2\\||\\CH\\|\\CH_2I\end{matrix}}+I_2$$

(iii) ***HCl या HBr के साथ क्रिया***




(iv) ***HI के साथ क्रिया***

(a)



(b)



(v) ***ऑक्जेलिक अम्ल के साथ क्रिया***

(a) 110°*C* पर ग्लिसरॉल एवं फॉर्मिक अम्ल बनता है।




(b) 260°*C*, पर, एलिल एल्कोहल बनता है।




(vi) ***निर्जलीकरण***




(vii) ***ऑक्सीकरण***




(viii) ***नाइट्रिक अम्ल के साथ क्रिया***




डायनामाइट T.N.G. से बनाया जाता है।

**डायनामाइट** : किसलगुहर में अवशोषित T.N.G. एवं ग्लिसरिल डाईनाइट्रेट का मिश्रण डायनामाइट कहलाता है। इसका आविष्कार एल्फ्रेड नोबल द्वारा 1867 में हुआ। यह गैसों का अत्यधिक आयतन उत्सर्जित करता है, एवं नाइट्रोग्लिसरीन के आयतन का 10,900 गुना अधिक स्थान घेरता है।

$$C_3H_5(ONO)_3 \rightarrow 12CO_2 + 10H_2O + 6N_2 + O_2$$

**विस्फोटक जिलेटिन** : ग्लिसरिल ट्राईनाइट्रेट एवं सेल्युलोज नाइट्रेट (गन कॉटन) का मिश्रण है।

**कॉर्डाइट** : इसे ग्लिसरिल ट्राईनाइट्रेट को गन कॉटन एवं वेसलीन के साथ मिश्रित कर प्राप्त करते हैं। यह धुँआ रहित विस्फोटक है।

(4) **उपयोग**

(a) ऑटोमोबाइल रेडियेटर में प्रशीतक की तरह।

(b) उच्च गुणवत्ता वाले साबुन, हाथ धोने के लोशन, दाढ़ी बनाने की क्रीम एवं दंत मंजन बनाने में।

(c) घड़ियों में स्नेहक की तरह।

(d) संरक्षक की तरह।

(e) अविषैली प्रकृति के कारण मधुकारक की तरह मिष्ठान, पेय एवं दवाओं में प्रयुक्त होता है।

(f) डायनामाइट जैसे विस्फोटक के निर्माण में।

(5) ग्लिसरॉल के विश्लेषणात्मक परीक्षण

(i) ***एक्रोलिन परीक्षण :*** जब ग्लिसरॉल को $KHSO_4$ के साथ गर्म करते हैं, तो एक्रोलिन बनने के कारण तीव्र दुर्गन्ध आती है। इसका जलीय विलयन शिफ अभिकर्मक के साथ रंग देता है, एवं फेहलिंग तथा टॉलेन अभिकर्मक को अपचयित करता है।

(ii) ***डंसटन का परीक्षण :*** फिनॉल्फ्थैलीन की बूंद को लगभग 5 *ml* बोरेक्स विलयन के साथ मिलाते हैं, तो गुलाबी रंग आता है, जो 2-3 बूंद ग्लिसरॉल मिलाने पर लुप्त हो जाता है। यह गुलाबी रंग गर्म करने पर पुनः आता है, जो ठण्डा करने पर पुनः लुप्त हो जाता है।

## असंतृप्त एल्कोहल (एलिल एल्कोहल)
## (Unsaturated alcohols (Allyl alcohol)

(1) बनाने की विधियाँ

(i) ***एलिल हैलाइड से***

$$CH_2=CH-CH_2Br+H_2O \rightarrow \underset{\text{एलिल एल्कोहल}}{CH_2=CH-CH_2OH}+HBr$$

(ii) ***ग्लिसरॉल को ऑक्जेलिक अम्ल के साथ गर्म करके*** :

$$\begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CH\,OH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix} + \begin{matrix} HOOC \\ | \\ HOOC \end{matrix} \xrightarrow{-2H_2O} \begin{matrix} CH_2OOC \\ | \quad\;\; | \\ CH\,OO\,C \\ | \\ CH_2OH \end{matrix} \xrightarrow[-2CO_2]{\text{गर्म}} \begin{matrix} CH_2 \\ \| \\ CH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix}$$

एलिल एल्कोहल

(2) भौतिक गुण

(a) यह रंगहीन, तीव्र, दुर्गन्ध वाला द्रव है।

(b) यह जल, एल्कोहल एवं ईथर में सभी अनुपात में घुलनशील है।

(3) रासायनिक गुण

$CH_2=CH-CH_2OH-$ (एलिल एल्कोहल)

- $\xrightarrow[Pt]{H_2}$ $CH_3CH_2CH_2OH$ 1-प्रोपेनॉल
- $\xrightarrow{Br_2}$ $CH_2Br-CHBrCH_2OH$ 2, 3-डाईब्रोमोप्रोपेनॉल-1
- $\xrightarrow{HBr}$ $CH_3CHBrCH_2CH_2OH$ 3-ब्रोमोप्रोपेनॉल-1
- $\xrightarrow{HOCl}$ $CH_2OHCHClCH_2OH$ ग्लिसरॉल $\beta$-मोनोक्लोरोहाइड्रिन
- $\xrightarrow[(O+H_2O)]{\text{क्षारीय } KMnO_4}$ $CH_2OH-CHOH-CH_2OH$ ग्लिसरॉल
- $\xrightarrow{Na}$ $CH_2=CH-CH_2ONa$
- $\xrightarrow{CH_3COOH}$ $CH_2=CH-CH_2OOCCH_3$ एलिल एसीटेट
- $\xrightarrow{HCl}$ $CH_2=CH-CH_2Cl$ एलिल क्लोराइड
- $\xrightarrow{\text{ऑक्सीकरण}}$ $\begin{matrix} COOH \\ | \\ COOH \end{matrix}$ ऑक्जेलिक अम्ल + $HCOOH$ फॉर्मिक अम्ल
- $\xrightarrow{Br_2}$ $\begin{matrix} CH_2- & CH- & CH_2 \\ | & | & | \\ Br & Br & OH \end{matrix}$ $\xrightarrow{HNO_3\,[O]}$ $\begin{matrix} CH_2- & CH- & COOH \\ | & | & \\ Br & Br & \end{matrix}$ $\xrightarrow{\text{Zn रज } (CH_3OH)}$ $CH_2=CH-COOH$ एक्रिलिक अम्ल

## फिनॉल (कार्बोलिक अम्ल) $C_6H_5OH$ या हाइड्रॉक्सी बेंजीन
## (Phenol (Carbolic acid) or Hydroxy benzene)

इसकी खोज रंगे (Runge) द्वारा कोल तार के आसवन के मध्य तेल प्रभाज में की गई एवं इसका नाम कार्बोलिक अम्ल (कार्बो = कोल, ऑलियम = तेल) या फिनॉल दिया गया जिसमें कमरे के ताप पर 5% जल होता है, एवं इसे कार्बोलिक अम्ल कहते हैं। इसका कुछ अंश मानव मूत्र में भी उपस्थित होता है।

(1) बनाने की विधियाँ

(i) ***बेंजीन सल्फोनिक अम्ल से***

$$\underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_6} \xrightarrow{H_2SO_4(\text{सधूम})} \underset{\text{बेन्जीन सल्फोनिक अम्ल}}{C_6H_5SO_3H} \xrightarrow{NaOH}$$

$$\underset{\text{सोडियम बेन्जीन सल्फोनेट}}{C_6H_5SO_3Na} \xrightarrow[\text{गलन}]{NaOH} \underset{\text{सोडियम फिनॉक्साइड}}{C_6H_5ONa} \xrightarrow[\text{या } CO_2/H_2O]{H^+/H_2O} \underset{\text{फिनॉल}}{C_6H_5OH}$$

यह फिनॉल बनाने की प्रयोगशाला विधि है। इसी प्रकार मेथिल फिनॉल (क्रिसॉल) को बनाया जा सकता है।




(ii) ***बेंजीन डाईएजोनियम क्लोराइड से***

$$\underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_6} \xrightarrow[H_2SO_4,\,45^oC]{HNO_3} \underset{\text{नाइट्रोबेन्जीन}}{C_6H_5NO_2} \xrightarrow{Sn/HCl} \underset{\text{एनिलीन}}{C_6H_5NH_2}$$

$$\xrightarrow[HCl,\,0-5^oC]{NaNO_2} \underset{\text{बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड}}{C_6H_5N_2Cl} \xrightarrow[\text{गर्म}]{H_2O} \underset{\text{फिनॉल}}{C_6H_5OH}$$




❑ *डाईएजोनियम लवण को एनिलीन एवं उसके व्युत्पन्न से प्राप्त करते हैं, एवं जिस विधि द्वारा इन्हें प्राप्त करते हैं, उसे* ***डाईएजोटीकरण*** *कहते हैं।*

(iii) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से***

$$\underset{\text{ब्रोमो बेन्जीन}}{C_6H_5Br+Mg} \xrightarrow{\text{ईथर}} \underset{\text{फेनिल मैग्नीशियम ब्रोमाइड}}{C_6H_5MgBr}$$

$$\xrightarrow{O_2} C_6H_5OMgBr \xrightarrow[H^+]{H_2O} \underset{\text{फिनॉल}}{C_6H_5OH}$$

(iv) ***सैलिसिलिक अम्ल से***



(v) ***कोलतार आसवन के मध्य तेल से* :** कोलतार आसवन के मध्यतेल में नैफ्थैलीन एवं फिनॉलिक यौगिक होते हैं। फिनॉलिक यौगिक को निम्न पदों में आसवित करते हैं।

***पद I* :** मध्य तेल को $H_2SO_4$ के साथ धोते हैं। जो क्षारीय अशुद्धि जैसे पिरीडीन (क्षार) को घोल लेता है।

***पद II* :** अत्यधिक शीतलन नेफ्थैलीन को पृथक करता है। (निम्न गलनांक ठोस)

***पद III* :** पद II के छनित को जलीय $NaOH$ के साथ अभिकृत करते हैं, तब फिनॉल, फिनॉक्साइड की तरह घुल जाता है। कार्बन डाईऑक्साइड को विलयन में हिलाते हैं, जिससे फिनॉल निकलता है।

$$C_6H_5OH + NaOH \rightarrow C_6H_5ONa + H_2O$$

$$\xrightarrow{CO_2, H_2O} C_6H_5OH + Na_2CO_3$$

***पद IV* :** कच्चे फिनॉल (पद III का) का प्रभाजी आसवन करते हैं।

कच्चा फिनॉल $\xrightarrow[\text{आसवन}]{\text{प्रभाजी}}$
- $\xrightarrow{180^\circ C}$ *o, m, p*-क्रिसॉल
- $\xrightarrow{211^\circ\text{-}235^\circ C}$ जायलोल (हाइड्रॉक्सी जायलीन)

(vi) ***रेशिग विधि* (*Raschig's process*)**

$$\underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_6} + HCl + \frac{1}{2}O_2 \xrightarrow[250^oC]{CuCl_2 / FeCl_3} \underset{\text{क्लोरोबेन्जीन}}{C_6H_5Cl} + H_2O$$

$$\underset{\text{क्लोरोबेन्जीन}}{C_6H_5Cl} + \underset{\text{भाप}}{H_2O} \xrightarrow{425^oC} \underset{\text{फिनॉल}}{C_6H_5OH} + HCl$$

(vii) ***डॉव विधि* (*Dow process*)**

$$\underset{\text{क्लोरोबेन्जीन}}{C_6H_5Cl} + 2NaOH \xrightarrow[\text{उच्च दाब}]{300^oC} C_6H_5ONa + NaCl + H_2O$$

सोडियम फिनॉक्साइड, खनिज अम्ल के साथ क्रिया कर फिनॉल देता है।

$$2C_6H_5ONa + H_2SO_4 \rightarrow 2C_6H_5OH + Na_2SO_4$$

(viii) ***बेंजीन का ऑक्सीकरण***

$$2C_6H_6 + O_2 \xrightarrow[315^oC]{V_2O_5} 2C_6H_5OH$$

(ix) ***आइसोप्रोपिल बेंजीन (क्यूमिन) का ऑक्सीकरण***




(2) **भौतिक गुण**

(i) फिनॉल रंगहीन, क्रिस्टलीय, वायु में नमी सोखने वाला ठोस है। यह वायु एवं प्रकाश की उपस्थिति में गुलाबी रंग देता है।

(ii) यह स्वयं के एवं जल के साथ अन्तरअणुक हाइड्रोजन बन्ध बनाने में सक्षम है। इसलिये इनके क्वथनांक उच्च होते हैं, एवं ये जल में विलेय हैं।



(फिनॉल अणुओं के मध्य अन्तरअणुक *H*-बन्ध)



(फिनॉल एवं जल अणुओं के मध्य अन्तरअणुक *H*-बन्ध)

अन्तरअणुक *H*-बन्ध एवं उच्च द्विध्रुव आघूर्ण के कारण फिनॉल के क्वथनांक एवं गलनांक समअणुक हाइड्रोकार्बन से बहुत अधिक होते हैं।

(iii) इसकी विशिष्ट लाक्षणिक गंध होती है, एवं त्वचा पर प्रबल क्षरण क्रिया होती है।

(iv) यह जल में अल्पविलेय है, किन्तु कार्बनिक विलायकों जैसे एल्कोहल, बेंजीन एवं ईथर में तुरन्त घुलता है।

(v) यह प्रकृति में विषैला है, किन्तु पूर्तिरोधी एवं रोगाणुनाशक की तरह कार्य करता है।

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***फिनॉल का अम्लीय गुण* :** फिनॉल दुर्बल अम्ल है । फिनॉल की अम्लीय प्रकृति विलयन में स्थायी फिनॉक्साइड आयन बनने के कारण होती है।

$$C_6H_5OH + H_2O \rightleftharpoons \underset{\text{फिनॉक्साइड आयन}}{C_6H_5O^-} + H_3O^+$$

फिनॉक्साइड आयन अनुनाद के कारण स्थायी होता है।



ऋणआवेश सम्पूर्ण बेंजीन वलय पर फैला रहता है। इस आवेश का विस्थानीकरण, फिनॉक्साइड आयन में स्थायित्वकारक है, एवं फिनॉल की अम्लीयता बढ़ाता है। एल्कोहल के व्युत्पन्न एल्कॉक्साइड आयन (*RO*) में अनुनाद सम्भव नहीं है। ऋणआवेश ऑक्सीजन परमाणु पर स्थानीकृत होता है। इसलिये एल्कोहल अम्लीय नहीं होते।

❑ *फिनॉल एल्कोहल से अधिक अम्लीय होते हैं, किन्तु कार्बोक्सिलिक अम्ल एवं कार्बोनिक अम्ल से दुर्बल अम्ल हैं। इसे आयनिक*

*नियतांक के मान से प्रदर्शित करते हैं। आपेक्षिक अम्लीयता निम्न क्रम का अनुसरण करती है।*

$$K_a(\text{लगभग}) \quad \underset{\text{कार्बोक्सिलिक अम्ल}}{\underset{RCOOH}{(10^{-5})}} > \underset{\text{कार्बोनिक अम्ल}}{\underset{H_2CO_3}{(10^{-7})}} > \underset{\text{फिनॉल}}{\underset{C_6H_5OH}{(10^{-10})}} > \underset{\text{जल}}{\underset{HOH}{(10^{-14})}} > \underset{\text{एल्कोहल}}{\underset{ROH}{(10^{-18})}}$$

**फिनॉल की अम्लीयता पर प्रतिस्थापियों का प्रभाव :** बेंजीन वलय पर इलेक्ट्रॉन आकर्षी समूह, (उदा., $-NO_2$, $-X$, $-NR_3^+$, $-CN$, $-CHO$, $-COOH$) की उपस्थिति फिनॉल की अम्लीयता बढ़ाती है, क्योंकि ये फिनॉक्सी ऑक्सीजन से वलय में अधिक इलेक्ट्रॉन खींचते हैं, जिससे प्रोटोन आसानी से निकलता है। इसके अलावा इनका विशिष्ट प्रभाव अधिक होता है, जब प्रतिस्थापी, फिनोलिक समूह से *m*-स्थान की जगह, *o*-या *p*-स्थान पर स्थित हो।

कुछ फिनॉल की आपेक्षिक प्रबलता (अम्ल की तरह) निम्न प्रकार से है :

*p*-नाइट्रोफिनॉल > *o*-नाइट्रोफिनॉल > *m*-नाइट्रोफिनॉल > फिनॉल

बेंजीन वलय पर इलेक्ट्रॉन दाता समूह (उदा., $-CH_3$, $-C_2H_5, -OCH_3, -NR_2$) की उपस्थिति फिनॉल की अम्लीयता कम करती है, क्योंकि ये फिनॉक्सी ऑक्सीजन पर ऋणावेश की प्रबलता तीव्र करते हैं, जिससे प्रोटोन का निष्कासन मुश्किल हो जाता है। इस तरह, क्रिसॉल, फिनॉल से कम अम्लीय है।

किन्तु, *m*-मेथॉक्सी एवं *m*-एमीनोफिनॉल, फिनॉल से अधिक प्रबल अम्ल हैं, क्योंकि $-I$ प्रभाव उपस्थित रहता है, एवं $+R$ प्रभाव अनुपस्थित होता है।

*m*-मेथॉक्सी फिनॉल > *m*- एमीनोफिनॉल > फिनॉल > *o*- मेथॉक्सी फिनॉल > *p*-मेथॉक्सी फिनॉल

क्लोरोफिनॉल : *o*- > *m*- > *p*-

क्रिसॉल : *m*- > *p*- > *o*-

डाईहाइड्रिक फिनॉल : *m*- > *p*- > *o*-

फिनॉल की अम्लीय प्रकृति निम्न में प्रेक्षित होती है :

(a) फिनॉल नीले लिटमस को लाल करता है।

(b) उच्च धनविद्युती धातुएँ फिनॉल के साथ क्रिया करती हैं $2C_6H_5OH + 2Na \rightarrow 2C_6H_5ONa + H_2$

(c) फिनॉल प्रबल क्षारों के साथ क्रिया कर फिनॉक्साइड बनाते हैं $C_6H_5OH + NaOH \rightarrow C_6H_5ONa + H_2O$

किन्तु, फिनॉल, सोडियम कार्बोनेट या सोडियम बाइकार्बोनेट को अपघटित नहीं करता, अर्थात् $CO_2$ नहीं निकलती क्योंकि फिनॉल कार्बोनिक अम्ल से दुर्बल अम्ल हैं।

(ii) ***–OH* समूह की अभिक्रियाएँ**

(a) *$FeCl_3$ के साथ क्रिया* **:** फिनॉल, फेरिक क्लोराइड विलयन (उदासीन) के साथ रंगीन आयरन संकुल बनने के कारण बैंगनी रंग देता है, जो कि फिनॉल में कीटो-इनोल चलावयवता (इनोलिक रूप का आधिक्य) की अभिलाक्षणिक उत्पत्ति को दर्शाता है।







यह फिनॉल का परीक्षण है।

(b) *ईथर निर्माण* : फिनॉल एल्किल हैलाइड के साथ क्षारीय विलयन में क्रिया कर फेनिल ईथर बनाता है (विलियमसन संश्लेषण)। फिनॉक्साइड आयन नाभिकस्नेही है, एवं एल्किल हैलाइड के हैलोजनीकरण को विस्थापित करेगा।

$$C_6H_5OH + NaOH \rightarrow \underset{\text{सोडियम फिनॉक्साइड}}{C_6H_5ONa} + H_2O$$

$$C_6H_5ONa + ClCH_3 \rightarrow \underset{\text{मेथिल फेनिल ईथर (एनिसॉल)}}{C_6H_5OCH_3} + NaCl$$

$$C_6H_5OK + IC_2H_5 \rightarrow \underset{\text{एथॉक्सी बेन्जीन (फेनिटोल)}}{C_6H_5-O-C_2H_5} + KI$$

$$C_6H_5ONa + \underset{\text{आइसोप्रोपिल क्लोराइड}}{Cl-HC(CH_3)_2} \rightarrow \underset{\text{आइसोप्रोपिल फेनिल ईथर}}{C_6H_5-O-HC(CH_3)_2}$$

जब फिनॉल की वाष्प एवं एल्कोहल को थोरिया ($ThO_2$) या $Al_2O_3$ के ऊपर गर्म करते हैं, तब भी ईथर बनता है।

$$C_6H_5OH + HOCH_3 \xrightarrow{\Delta, ThO_2} \underset{\text{मेथॉक्सी बेन्जीन}}{C_6H_5-O-CH_3}$$

(c) *एस्टर निर्माण* : फिनॉल, अम्ल क्लोराइड (या अम्ल एनहाइड्राइड) के साथ क्षारीय विलयन में क्रिया कर फेनिल एस्टर (एसायलीकरण) बनाता है। यह अभिक्रिया (बेंजोयलीकरण) **शॉटन बॉमन** अभिक्रिया कहलाती है।

$$C_6H_5OH + NaOH \rightarrow C_6H_5ONa + H_2O$$

$$\underset{\text{सोडियम फिनॉक्साइड}}{C_6H_5ONa} + \underset{\text{एसीटिल क्लोराइड}}{Cl\overset{\overset{O}{||}}{C}CH_3} \rightarrow \underset{\text{फेनिल एसीटेट}}{C_6H_5OOCCH_3} + NaCl$$

$$C_6H_5OH + \underset{\text{एसीटिक एनहाइड्राइड}}{(CH_3CO)_2O} \xrightarrow{NaOH} \underset{\text{फेनिल एसीटेट (एस्टर)}}{C_6H_5OOCCH_3} + CH_3COOH$$

$$C_6H_5OH + \underset{\text{बेन्जोइल क्लोराइड}}{Cl\overset{\overset{O}{||}}{C}-C_6H_5} \xrightarrow{NaOH}$$

$$\underset{\text{फेनिल बेन्जोएट}}{C_6H_5-O-\overset{\overset{O}{||}}{C}-C_6H_5} + NaCl + H_2O$$

फेनिल एस्टर निर्जलीय $AlCl_3$ के साथ क्रिया कर **फ्राइस पुनर्व्यवस्थापन** करते हैं, एवं *o*- तथा *p*- हाइड्रॉक्सीकीटोन देते हैं।



(d) *$PCl_5$ के साथ क्रिया* : फिनॉल $PCl_5$ के साथ क्रिया कर क्लोरोबेंजीन बनाता है। क्लोरोबेंजीन की मात्रा बहुत कम होती है, एवं मुख्यतः ट्राईफेनिल फॉस्फेट बनता है।

$$C_6H_5OH + PCl_5 \rightarrow C_6H_5Cl + POCl_3 + HCl$$

$$3C_6H_5OH + POCl_3 \rightarrow (C_6H_5)_3PO_4 + 3HCl$$

(e) *जिंक रज के साथ क्रिया* : जब फिनॉल को जिंक रज के साथ आसवित करते हैं, तो बेंजीन प्राप्त होती है।

$$C_6H_5OH + Zn \rightarrow C_6H_6 + ZnO$$

(f) *अमोनिया के साथ क्रिया* : फिनॉल, निर्जलीय जिंक क्लोराइड की उपस्थिति में 300°C पर अमोनिया के साथ क्रिया करके या $(NH_4)_2SO_3 / NH_3$ के साथ 150°C पर एनिलीन बनाता है। फिनॉल का एनिलीन में परिवर्तन **बुचरर अभिक्रिया** कहलाती है।

$$C_6H_5OH + NH_3 \xrightarrow[300^oC]{ZnCl_2} \underset{\text{एनिलीन}}{C_6H_5NH_2} + H_2O$$

(g) *$P_2S_5$ की अभिक्रिया* : फिनॉल को फॉस्फोरस पेण्टासल्फाइड के साथ गर्म करने पर, थायोफिनॉल बनता है।

$$5C_6H_5OH + P_2S_5 \rightarrow \underset{\text{थायोफिनॉल}}{5C_6H_5SH} + P_2O_5$$

(iii) ***बेंजीन नाभिक की अभिक्रिया*** : $-OH$ समूह ऑर्थो एवं पैरा निर्देशक समूह होता है। यह बेंजीन नाभिक को सक्रिय करता है।

(a) *हैलोजनीकरण* : फिनॉल कम ताप पर, कार्बन डाईसल्फाइड (या $CHCl_3$) में ब्रोमीन के साथ क्रिया कर ऑर्थो एवं पैरा ब्रोमोफिनॉल का मिश्रण देता है।







2, 4, 6-ट्राईब्रोमोफिनॉल

फिनॉल, ब्रोमीन जल की अधिकता के साथ सफेद अवक्षेप बनाता है, जो 2, 4, 6-ट्राईब्रोमोफिनॉल है।

(b) *सल्फोनीकरण* : फिनॉल सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ शीघ्रता से क्रिया कर ऑर्थो एवं पैराहाइड्रॉक्सी बेंजीन सल्फोनिक अम्ल का मिश्रण देता है।




कम ताप (25°C) पर, ऑर्थोसमावयवी मुख्य उत्पाद होता है, जबकि 100°C पर यह मुख्यतः पैरासमावयवी देता है।

(c) ***नाइट्रीकरण*** : फिनॉल तनु नाइट्रिक अम्ल के साथ 5-10°C पर क्रिया कर ऑर्थो एवं पैरा नाइट्रोफिनॉल बनाता है, लेकिन फिनोलिक समूह के ऑक्सीकरण के कारण इसकी मात्रा बहुत कम होती है। $-OH$ समूह सक्रिय समूह होता है, इसलिये तनु नाइट्रिक अम्ल के साथ नाइट्रीकरण संभव है।




उपरोक्त अभिक्रिया की क्रियाविधि में यह विश्वास किया जाता है, कि इसमें 0-5°C पर नाइट्रस अम्ल ( $NaNO_2 + HCl$ ) के साथ *o*- एवं *p*-नाइट्रोसोफिनॉल बनता है, जो तनु नाइट्रिक अम्ल के साथ *o*- एवं *p*-नाइट्रोफिनॉल में ऑक्सीकृत हो जाते हैं।







किन्तु जब फिनॉल को सान्द्र $HNO_3$ के साथ सान्द्र $H_2SO_4$ की उपस्थिति में अभिकृत करते हैं, तो 2,4,6-ट्राईनाइट्रोफिनॉल (**पिक्रिक अम्ल**) बनता है।




2, 4, 6-ट्राईनाइट्रोफिनॉल
(पिक्रिक अम्ल)

पिक्रिक अम्ल की अच्छी मात्रा प्राप्त करने के लिये पहले फिनॉल का सल्फोनीकरण करते हैं, फिर इसका नाइट्रीकरण करते हैं। $-SO_3H$ समूह की उपस्थिति फिनॉल के ऑक्सीकरण को रोकती है।

(d) ***फ्रीडल क्राफ्ट अभिक्रिया*** : फिनॉल को जब निर्जलीय एल्यूमीनियम क्लोराइड की उपस्थिति में मेथिल क्लोराइड के साथ अभिकृत करते हैं, तो *p*-क्रिसॉल मुख्य उत्पाद की तरह बनता है। *o*-क्रिसॉल की अल्पमात्रा भी बनती है।




*RX* एवं $AlCl_3$ कम मात्रा में उत्पाद देते हैं, क्योंकि $AlCl_3$, *O* के साथ उपसहसंयोजक बन्ध बनाता है। इसलिये वलय का एल्काइलीकरण निम्न प्रकार से होता है।

$$C_6H_5OH + AlCl_3 \rightarrow C_6H_5OAlCl_2 + HCl$$

इस तरह फिनॉल के साथ सफलतापूर्वक फ्रीडल क्राफ्ट क्रिया करने के लिये यह आवश्यक है, कि $AlCl_3$ की अत्यधिक मात्रा प्रयुक्त करें। **वलय एल्काइलीकरण** निम्न प्रकार से होता है :

$$C_6H_5OH + \left\{\begin{matrix} CH_3CH = CH_2 \\ (CH_3)_2CH - OH \end{matrix}\right. \xrightarrow[\text{या } HF]{H_2SO_4} o\text{ - तथा } p\text{ - } C_6H_4 \begin{matrix} / OH \\ \backslash CH(CH_3)_2 \end{matrix}$$




(e) *कोल्बे श्मिट अभिक्रिया* (कार्बोनीकरण) :




(f) ***रीमर-टीमेन अभिक्रिया*** : फिनॉल को जब क्लोरोफॉर्म एवं सोडियम हाइड्रॉक्साइड (जलीय) के साथ प्रतिस्पंदित कर अम्ल अपघटित करते हैं, तो सैलिसिलेल्डिहाइड (*o*-हाइड्रॉक्सी बेंजल्डिहाइड) एवं कम मात्रा में *p*-हाइड्रॉक्सी बेंजल्डिहाइड प्राप्त होता है। किन्तु, जब कार्बन टेट्राक्लोराइड प्रयुक्त करते हैं, तो सैलिसिलिक अम्ल (आधिक्य उत्पाद) बनता है।




(g) ***गाटरमैन अभिक्रिया*** : जब फिनॉल को द्रव हाइड्रोजन सायनाइड एवं हाइड्रोक्लोरिक अम्ल गैस के साथ निर्जलीय एल्यूमीनियम क्लोराइड की उपस्थिति में अभिकृत करते हैं, तो मुख्यतः *p*-हाइड्रॉक्सी बेंजल्डिहाइड प्राप्त होता है (फॉर्मलीकरण)।

$$HCl + HC \equiv N \xrightarrow{AlCl_3} ClCH = NH$$




(h) *मरक्यूरीकरण*




(i) *हाइड्रोजनीकरण*




(iv) ***विविध अभिक्रियाएँ***

(a) *युग्मन अभिक्रियाएँ* : फिनॉल, क्षारीय विलयन की उपस्थिति में बेंजीन डाईएजोनियम क्लोराइड के साथ युग्मित होकर लाल रंग का रंजक (*p*-हाइड्रॉक्सी एजोबेंजीन) बनाता है।



फिनॉल सान्द्र $H_2SO_4$ की उपस्थिति में थैलिक एनहाइड्राइड के साथ युग्मित होकर रंजक (फिनॉल्फ्थैलीन) बनाता है, जिसका उपयोग सूचक की तरह होता है।




(b) *फॉर्मल्डिहाइड के साथ संघनन* : फिनॉल, सोडियम हाइड्रॉक्साइड या अम्ल ($H^+$) की उपस्थिति में फॉर्मल्डिहाइड (आधिक्य) के साथ लगभग एक सप्ताह संघनित होकर बहुलक बनाता है। जिसे बैकेलाइट (एक रेजिन) कहते हैं।




बहुलक बैकेलाइट (एक रेजिन)

(c) *लीबरमैन नाइट्रोसो अभिक्रिया* : जब फिनॉल को $NaNO_2$ एवं सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ अभिकृत करते हैं, तो यह गहरा हरा या नीला रंग देता है, जो जल से तनु करने पर लाल रंग में बदल जाता है। जब इसे $NaOH$ के साथ क्षारीय बनाते हैं, तो मूल हरा या नीला रंग पुनः आ जाता है। यह अभिक्रिया लीबरमैन नाइट्रोसो अभिक्रिया कहलाती है, एवं इसका उपयोग फिनॉल के परीक्षण में होता है।




(d) *ऑक्सीकरण* : फिनॉल वायु एवं प्रकाश के प्रभाव में मन्द ऑक्सीकरण के कारण गुलाबी या लाल भूरे रंग में बदल जाता है। यह रंग संभवतः क्विनॉन या फिनोक्विनॉन बनने के कारण आता है।




किन्तु क्षारीय विलयन में पोटेशियम परसल्फेट के साथ ऑक्सीकरण द्वारा फिनॉल 1, 4-डाईहाइड्रॉक्सी बेंजीन (क्विनॉल) बनाता है। इसे **एल्बस परसल्फेट ऑक्सीकरण** (Elbs persulphate oxidation) कहते हैं।




(4) **उपयोग :** फिनॉल का उद्योगों में बहुत उपयोग होता है। फिनॉल के प्रमुख अनुप्रयोग निम्न हैं

(i) साबुन, लोशन एवं मल्हम में पूर्तिरोधी की तरह। "डिटॉल" एक शक्तिशाली पूर्तिरोधी है, जो फिनॉल का व्युत्पन्न है (2, 4-डाईक्लोरो-3, 5-डाईमेथिल फिनॉल)।

(ii) एजो रंजक, फिनॉल्फ्थलीन आदि के निर्माण में।

(iii) पिक्रिक अम्ल के बनाने में जिसका उपयोग विस्फोटक की तरह होता है, एवं सिल्क तथा ऊन को रंगने में भी प्रयुक्त होता है।

(iv) सायक्लोहैक्सेनॉल के निर्माण में जिसकी आवश्यकता नायलोन उत्पादन के लिये होती है, एवं रबर तथा वार्निश में विलायक की तरह प्रयुक्त होता है।

(v) स्याही के परिरक्षण में।

(vi) फिनॉल-फॉर्मेल्डिहाइड प्लास्टिक जैसे बैकेलाइट के निर्माण में।

(vii) दवाओं जैसे एस्प्रिन, सेलोल, फिनेसिटिन आदि के निर्माण में।

(viii) पागल कुत्ते के काटने से हुए घाव के उपचार में।

(ix) नायलोन एवं कृत्रिम टेनिन के निर्माण में प्रारम्भिक पदार्थ के रूप में प्रयुक्त करते हैं।

(x) कीटाणुनाशक, कवकनाशक तथा जीवाणुनाशक बनाने में।

(5) **फिनॉल के परीक्षण**

(i) फिनॉल का जलीय विलयन फैरिक क्लोराइड विलयन की बूंद के साथ बैंगनी रंग देता है।

(ii) फिनॉल का जलीय विलयन ब्रोमीन जल के साथ 2, 4, 6-ट्राईब्रोमोफिनॉल का सफेद अवक्षेप देता है।

(iii) फिनॉल **लीबरमैन नाइट्रोसो अभिक्रिया** देता है।

फिनॉल सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल में $\xrightarrow[\text{जल का आधिक्य}]{NaNO_2}$ लाल रंग $\xrightarrow[\text{(आधिक्य)}]{NaOH}$ नीला रंग

(iv) फिनॉल, सान्द्र $H_2SO_4$ की उपस्थिति में थैलिक एनहाइड्राइड के साथ संयुग्मित होकर फिनॉल्फ्थैलीन बनाता है, जो क्षार के साथ गुलाबी रंग देता है, एवं सूचक की तरह प्रयुक्त होता है।

(v) अमोनिया एवं सोडियम हाइपोक्लोराइट के साथ फिनॉल नीलारंग देता है।

सारणी : 26.2 *फिनॉल एवं एल्कोहल में अन्तर*

| गुण | फिनॉल ($C_6H_5OH$) | एल्कोहल ($C_2H_5OH$) |
|---|---|---|
| गंध | विशिष्ट फिनोलिक गंध | मधुर एल्कोहलिक गंध |
| प्रकृति, क्षार के साथ क्रिया | अम्लीय, सोडियम हाइड्रॉक्साइड में विलेय है, तथा सोडियम फिनॉक्साइड बनाता है | उदासीन, क्षार के साथ कोई क्रिया नहीं |
| उदासीन $FeCl_3$ के साथ क्रिया | संकुल यौगिक बनने के कारण बैंगनी रंग देता है | कोई अभिक्रिया नहीं |
| हैलोजन अम्ल के साथ क्रिया | हैलोजन अम्लों के साथ कोई क्रिया नहीं | एथिल हैलाइड बनाता है |
| ऑक्सीकरण | क्विनॉन या फिनोक्विनॉन बनने के कारण गुलाबी या भूरा रंग आता है | ऑक्सीकरण द्वारा एसीटेल्डिहाइड एवं एसीटिक अम्ल देता है |
| $HCHO$ के साथ क्रिया। | बहुलक बनाता है (बैकेलाइट) | कोई क्रिया नहीं |
| लीबरमैन नाइट्रोसो अभिक्रिया | धनात्मक | प्रदर्शित नहीं करता |
| बेंजीन डाईएजोनियम क्लोराइड के साथ युग्मन | एजोरंजक बनाते हैं | कोई रंजक नहीं बनाते हैं |
| $PCl_5$ के साथ क्रिया | मुख्यतः ट्राईफेनिल फॉस्फेट बनाते हैं | एथिल क्लोराइड बनाते हैं। |
| आयोडोफॉर्म परीक्षण | प्रदर्शित नहीं करते | धनात्मक |

## फिनॉल के व्युत्पन्न (Derivatives of phenol)

### नाइट्रोफिनॉल

(1) **बनाने की विधियाँ**




(ii)




(iii)




(iv)




(2) **xq.k** : *o*-नाइट्रोफिनॉल पीले रंग का क्रिस्टलीय यौगिक है, जबकि *m*- एवं *p*- समावयवी रंगहीन क्रिस्टलीय यौगिक हैं।

| समावयवी : | ऑर्थो | मैटा | पैरा |
|---|---|---|---|
| गलनांक (°C) : | 45 | 97 | 114 |

*o*-समावयवी का कम गलनांक **अन्तराणुक हाइड्रोजन बन्ध** के कारण होता है, जबकि मैटा एवं पैरा समावयवी **अन्तरअणुक हाइड्रोजन बन्ध** दर्शाते हैं, जिसके कारण इनके उच्च गलनांक होते हैं।

ये फिनॉल से अधिक प्रबल अम्ल है। इनका क्रम है :

*p*-समावयवी > *o*- समावयवी > *m*- समावयवी > फिनॉल

जब इन्हें अपचयित करते हैं, तो ये संबंधित एमीनोफिनॉल बनाते हैं। *o*- एवं *p*-नाइट्रोफिनॉल ब्रोमीन जल के साथ क्रिया कर नाइट्रोसमूह के प्रतिस्थापन द्वारा 2, 4, 6-ट्राईब्रोमोफिनॉल बनाते हैं।




**पिक्रिक अम्ल** (2, 4, 6- ट्राईनाइट्रोफिनॉल)

(1) **बनाने की विधियाँ :** इसे फिनॉल को सान्द्र $HNO_3$ के साथ अभिकृत कर बनाते हैं। किन्तु प्राप्त मात्रा बहुत कम होती है। इसे औद्योगिक स्तर पर निम्न विधियों से बनाते हैं।

(i) ***क्लोरोबेंजीन से***




क्लोरोबेन्जीन

2, 4-डाईनाइट्रोक्लोरोबेन्जीन




पिक्रिक अम्ल
(2, 4, 6-ट्राईनाइट्रोफिनॉल)

(ii) ***डाईसल्फोनिक अम्ल द्वारा फिनॉल से***




फिनॉल

फिनॉल डाईसल्फोनिक अम्ल

पिक्रिक अम्ल

(iii)




ट्राईनाइट्रोबेन्जीन

पिक्रिक अम्ल

(2) **गुण :** यह पीला क्रिस्टलीय ठोस है, जिसका गलनांक 122°C है। यह ठण्डे जल में अघुलनशील है, किन्तु गर्म जल एवं ईथर में विलेय है। यह स्वाद में कड़वा होता है। तीन ऋणविद्युती समूहों की उपस्थिति के कारण, यह फिनॉल से अधिक प्रबल अम्ल है, एवं इसके गुण कार्बोक्सिलिक अम्ल के तुलनात्मक हैं। यह क्षार को उदासीन करता है, एवं कार्बोनेट को विघटित कर कार्बन डाई ऑक्साइड निकालता है।

शुष्क पिक्रिक अम्ल एवं इसके पोटेशियम या अमोनियम लवण तीव्रता से विस्फोट करते हैं, जब इन्हें विस्फोटित करते हैं। यह $PCl_5$ के साथ क्रिया कर पिक्रिल क्लोराइड बनाता हैं, जो $NH_3$ के साथ हिलाने पर पिक्रामाइड बनाता है।




पिक्रिल क्लोराइड

पिक्रामाइड

जब इसे विरंजक चूर्ण के पेस्ट के साथ आसवित करते हैं, तो यह विघटित होता है, और क्लोरोपिक्रिन बनाता है, $CCl_3NO_2$ एक उत्पाद की तरह है, और इस तरह आँसू गैस के निर्माण में प्रयुक्त होता है।

यह एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन, एमीन एवं फिनॉल के साथ पीले, नारंगी या लाल रंग का आण्विक यौगिक बनाता है, जिसे पिक्रेट कहते हैं। इसका उपयोग इन यौगिकों की पहचान में होता है।

❑ *पिक्रेट प्रकृति में विस्फोटक होते हैं, एवं गर्म करने पर तीव्र विस्फोट करते हैं। इन्हें सावधानीपूर्वक बनाते हैं।*

(3) **उपयोग :** यह सिल्क तथा ऊन के लिए पीले रंजक की तरह प्रयुक्त होता है, इसे विस्फोटक तथा पूर्तिरोधी की तरह प्रयुक्त करते हैं।

### केटीकॉल (1, 2-डाईहाइड्रॉक्सी बेंजीन)

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i)




केटीकॉल







*o*-फिनॉल सल्फोनिक अम्ल

केटीकॉल




सैलिसिलेल्डिहाइड

केटीकॉल

(2) **गुण :** यह रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस है, जिसका गलनांक 105°C होता है। यह जल में विलेय है। यह वायु एवं प्रकाश द्वारा प्रभावित होता है। यह अपचायक की तरह कार्य करता है, और टॉलेन अभिकर्मक को ठण्डे में तथा फेहलिंग विलयन को गर्म करने पर अपचयित करता है। सिल्वर ऑक्साइड के साथ यह *o*-बेंजोक्विनॉन में ऑक्सीकृत हो जाता है।




*o*-बेन्जोक्विनॉन

जब इसे लैड एसीटेट विलयन के साथ अभिकृत करते हैं, तो यह अघुलनशील लैड लवण (सफेद अवक्षेप) बनाता है, एवं $FeCl_3$ विलयन के साथ हरा रंग देता है, जो $Na_2CO_3$ विलयन मिलाने पर लाल रंग में बदल जाता है। जब इसे सल्फ्यूरिक अम्ल की उपस्थिति में थैलिक अम्ल के साथ संघनित करते हैं, तो यह एलिजारीन रंजक बनाता है।




थैलिक एनहाइड्राइड

एलिजारिन

(3) **उपयोग :** इसे फोटोग्राफिक डेवलपर की तरह प्रयुक्त करते हैं, इसे एलीजारीन रंजक तथा एड्रिनेलिन हार्मोन के संश्लेषण में प्रयुक्त करते हैं, इसे प्रतिऑक्सीकारक (स्व–ऑक्सीकरण में बाधक) की तरह तथा गैसोलिन के संरक्षण में प्रयुक्त करते हैं।

## रिसोर्सिनॉल (1, 3-डाईहाइड्रॉक्सी बेंजीन)

(1) **बनाने की विधियाँ :** इसे 1,3 बेंजीन डाईसल्फोनिक अम्ल के क्षारीय गलन द्वारा बनाते हैं (औद्योगिक विधि)



(2) **गुण :** यह रंगहीन, क्रिस्टलीय ठोस है, जिसका गलनांक $110°C$ होता है। यह वायु एवं प्रकाश द्वारा प्रभावित होता है। यह जल, एल्कोहल एवं ईथर में घुलनशील है। यह चलावयवता दर्शाता है। इसका जलीय विलयन $FeCl_3$ के साथ बैंगनी रंग देता है। यह गर्म करने पर फेहलिंग एवं टॉलेन अभिकर्मक को अपचयित करता है। ब्रोमीन जल के साथ यह क्रिस्टलीय अवक्षेप, 2, 4, 6- ट्राईब्रोमोरिसोर्सिनॉल देता है।



नाइट्रीकरण पर, यह 2, 4, 6-ट्राईनाईट्रो-1, 3-डाईहाइड्रॉक्सी बेंजीन (स्टिफनिक अम्ल) बनाता है।



रिसोर्सिनॉल स्टिफनिक अम्ल

यह थैलिक एनहाइड्राइड के साथ संघनित होकर फ्लोरेसिन बनाता है।



थैलिक एनहाइड्राइड रिसोर्सिनॉल (2 मोल) फ्लोरेसिन

नाइट्रस अम्ल के साथ यह 2, 4-डाईनाइट्रोरिसोर्सिनॉल बनाता है।



रिसोर्सिनॉल चलावयवी यौगिक की तरह व्यवहार करता है। यह इस तथ्य द्वारा प्रदर्शित होता है, कि यह डाईऑक्सेन एवं बाइसल्फाइट व्युत्पन्न बनाता है।



डाईइनॉल रूप डाईकीटो रूप

(3) **उपयोग**

(i) यह पूर्तिरोधी की तरह प्रयुक्त होता है, एवं रंजक बनाने के लिये प्रयुक्त होता है।

(ii) इसका उपयोग एक्जिमा के उपचार में भी होता है। 2, 4, 6-ट्राईनाइट्रोरिसोर्सिनॉल विस्फोटक की तरह प्रयुक्त होता है।

## हाइड्रोक्विनॉन या क्विनॉल (1, 4-डाईहाइड्रॉक्सी बेंजीन)

(1) **बनाने की विधियाँ :** इसे *p*-बेंजोक्विनॉन के सल्फ्यूरस अम्ल $(H_2SO_3 = H_2O + SO_2)$ के साथ अपचयन द्वारा बनाते हैं।



क्विनॉल

(*p*-बेंजोक्विनॉन को एनिलीन के ऑक्सीकरण द्वारा प्राप्त करते हैं)



एनिलीन क्विनॉल

(2) **गुण :** यह रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस है, जिसका गलनांक $170°C$ है। यह जल में घुलनशील है। यह भी चलावयवता दर्शाता है। यह $FeCl_3$ विलयन के साथ नीला रंग देता है।

यह प्रबल अपचायक की तरह कार्य करता है, क्योंकि यह *p*-बेंजोक्विनॉन में आसानी से ऑक्सीकृत होता है। यह टॉलेन अभिकर्मक एवं फेहलिंग विलयन को अपचयित करता है।



क्विनॉल *p*-बेन्जोक्विनॉन

इस गुण के कारण इसका उपयोग फोटोग्राफी डेवलपर की तरह होता है।

(3) **उपयोग:** इसे पूर्तिरोधी की तरह प्रयुक्त करते हैं एवं फोटोग्राफी में डेवलपर की तरह प्रयुक्त करते हैं। क्विनहाइड्रोन इलेक्ट्रोड के निर्माण में, तथा प्रतिऑक्सीकारक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

**ट्राईहाइड्रिक फिनॉल :** बेंजीन के तीन ट्राईहाइड्रॉक्सी समावयवी व्युत्पन्न हैं, पायरोगैलोल (1, 2, 3), हाइड्रॉक्सी क्विनॉल (1, 2, 4) एवं फ्लोरोग्लूसिनॉल (1, 3, 5)।

गैलिक अम्ल के जलीय विलयन को $220°C$ पर गर्म करके पायरोगैलोल प्राप्त करते हैं।



गैलिक अम्ल पायरोगैलोल

फ्लोरोग्लूसिनॉल को ट्राईनाइट्रोटॉलुईन (TNT) से, निम्न अभिक्रिया क्रम द्वारा प्राप्त करते हैं।



2, 4, 6-ट्राईनाइट्रो टॉलुईन



फ्लोरोग्लूसिनॉल

हाइड्रॉक्सीक्विनॉल को, हाइड्रोक्विनॉन के वायु में क्षारीय गलन द्वारा प्राप्त करते हैं।




क्विनॉल हाइड्रॉक्सी क्विनॉल

तीनों समावयवी रंगहीन, क्रिस्टलीय यौगिक हैं। सभी जल में घुलनशील हैं, एवं इनके जलीय विलयन $FeCl_3$ के साथ अभिलाक्षणिक रंग देते हैं। उदाहरण के लिये, पायरोगैलोल-लाल; हाइड्रॉक्सी क्विनॉल-हरा भूरा; फ्लोरोग्लूसिनॉल-नीला बैंगनी। क्षारीय विलयन वायु से ऑक्सीजन को तीव्रता से अवशोषित करता है।

**पायरोगैलोल के उपयोग**

(i) फोटोग्राफी में डेवलपर की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(ii) बालों के रंजन में।

(iii) त्वचा रोग जैसे एक्जिमा के उपचार में।

(iv) गैस विश्लेषण में अक्रिय ऑक्सीजन के अवशोषण के लिये प्रयुक्त किया जाता है।

## ईथर (Ether)

ईथर एल्कोहल के एनहाइड्राइड हैं, इसे दो एल्कोहल अणु से एक जल अणु के विलोपन द्वारा प्राप्त कर सकते हैं।

$$R-O\boxed{H+HO}-R \rightarrow \underset{\text{ईथर}}{R-O-R} + H_2O$$

सामान्य सूत्र, $C_nH_{2n+2}O$

### ईथर को बनाने की सामान्य विधियाँ

**(1) एल्किल हैलाइड से**

(i) ***विलियमसन संश्लेषण***

यह नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया है, एवं $S_{N^2}$ क्रियाविधि द्वारा चलती है।

$$RONa + R'X \rightarrow ROR' + NaX$$

$$\underset{\text{सोडियम एथॉक्साइड}}{C_2H_5ONa} + CH_3-I \rightarrow \underset{\text{एथिल मेथिल ईथर}}{CH_3OC_2H_5} + NaI$$

$$\underset{\text{सोडियम एथॉक्साइड}}{C_2H_5ONa} + \underset{\text{एथिल ब्रोमाइड}}{C_2H_5Br} \rightarrow \underset{\text{एथॉक्सी एथेन}}{C_2H_5OC_2H_5} + NaBr$$

(a) प्राथमिक हैलाइड की क्रियाशीलता का क्रम है $CH_3X > CH_3CH_2X > CH_3CH_2CH_2X$.

(b) एल्किल हैलाइड के विलोपन में जाने की प्रवृत्ति है $3^o > 2^o > 1^o$.

(c) उच्च मात्रा प्राप्त करने के लिये एल्किल हैलाइड प्राथमिक होना चाहिये एवं एल्कोक्साइड द्वितीयक या तृतीयक होना चाहिये।

$$\underset{\text{एथिल ब्रोमाइड}}{C_2H_5Br} + \underset{\text{तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल का सोडियम लवण}}{NaO-\overset{\overset{CH_3}{|}}{\underset{\underset{CH_3}{|}}{C}}-CH_3} \rightarrow \underset{\text{एथिल तृतीयक ब्यूटिल ईथर}}{C_2H_5-O-\overset{\overset{CH_3}{|}}{\underset{\underset{CH_3}{|}}{C}}-CH_3}$$

(d) प्रबल क्षार की उपस्थिति में द्वितीयक एवं तृतीयक एल्किल हैलाइड शीघ्रता से $E_2$ विलोपन में जाते हैं और एल्कीन बनाते हैं।

$$CH_3-\overset{\overset{CH_3}{|}}{\underset{\underset{CH_3}{|}}{C}}-Cl \xrightarrow{C_2H_5ONa} CH_3-\overset{\overset{CH_3}{|}}{\underset{\underset{CH_3}{|}}{C^{\oplus}}}+Cl^-,$$

$$CH_3-\overset{\overset{CH_3}{|}}{\underset{\underset{CH_2-H}{|}}{C^{\oplus}}}+C_2H_5O^- \rightarrow CH_3-\overset{\overset{CH_3}{|}}{\underset{\underset{CH_2}{\|}}{C}}+C_2H_5OH$$

❑ *एरिल हैलाइड एवं सोडियम एल्कोक्साइड को फिनोलिक ईथर बनाने के लिये प्रयुक्त नहीं कर सकते क्योंकि एरिल हैलाइड नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया की ओर, एल्किल हैलाइड से कम क्रियाशील है।*

(ii) ***एल्किल हैलाइड को शुष्क सिल्वर ऑक्साइड के साथ गर्म करके***

$$2RX + Ag_2O \xrightarrow{\text{गर्म}} R-O-R + 2AgX,$$

$$\underset{\text{एथिल ब्रोमाइड}}{2C_2H_5Br} + Ag_2O \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{C_2H_5OC_2H_5} + 2AgBr$$

**(2) एल्कोहल से**

(i) ***एल्कोहलों के निर्जलीकरण द्वारा***

(a) *$140^o C$ पर सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ*

$$\underset{\text{एल्कोहल के 2 अणु}}{ROH + HOR} \xrightarrow[140^oC]{H_2SO_4(\text{सान्द्र})} \underset{\text{ईथर}}{ROR} + H_2O.$$

❑ *इस अभिक्रिया में एल्कोहल अधिकता में होना चाहिये।*

❑ *यह अभिक्रिया मुख्यतः प्राथमिक एल्कोहल के निर्जलीकरण पर लागू होती है। द्वितीयक एवं तृतीयक एल्कोहल मुख्यतः एल्कीन बनाते हैं।*

❑ *जब यह अभिक्रिया विभिन्न एल्कोहलों के बीच कराई जाती है, तो विभिन्न ईथरों का मिश्रण प्राप्त होता है।*

(b) $250^o C$ पर $Al_2O_3$ के साथ

$$2ROH \xrightarrow[250^oC]{Al_2O_3} R-O-R+H_2O$$

(ii) ***डाईएजोमेथेन की एल्कोहल पर क्रिया द्वारा*** : यह अभिक्रिया उत्प्रेरक, बोरॉन ट्राईफ्लोराइड या $HBF_4$ की उपस्थिति में होती है।

$$ROH + CH_2N_2 \xrightarrow{BF_3} R-O-CH_3 + N_2$$

(a) यह विधि मिश्रित ईथर बनाने के लिये बहुत उपयोगी है।

(b) उच्च सदस्यों में, 1, 2-हाइड्राइड या 1, 2-मेथिल विस्थापन हो सकता है, जिससे अधिक स्थायी कार्बोधनायन बनता है।

**(3) एल्कोक्सी मरक्यूरीकरण–विमरक्यूरीकरण**

$$\underset{\text{एल्कीन}}{>C=C<} + R-OH + \underset{\text{मरक्यूरिक ट्राईफ्लोरोएसीटेट}}{Hg[OOCCF_3]_2}$$

$$\rightarrow -\underset{\underset{OR}{|}}{\overset{|}{C}}-\underset{\underset{HgOOCCF_3}{|}}{\overset{|}{C}} \xrightarrow{NaBH_4} \underset{\text{ईथर}}{-\underset{\underset{OR}{|}}{\overset{|}{C}}-\underset{\underset{H}{|}}{\overset{|}{C}}}$$

❑ *यह तृतीयक ईथर बनाने की सर्वोच्च विधि है।*

**(4) निम्न हैलोजनीकृत ईथर की ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ क्रिया**

$$\underset{\text{हैलोजनीकृत ईथर}}{ROCH_2X} + \underset{\text{ग्रिगनार्ड अभिकर्मक}}{XMgR'} \rightarrow \underset{\text{उच्च ईथर}}{ROCH_2R'} + MgX_2$$

(i) उच्च सदस्यों को निम्न हैलोजनीकृत ईथर पर ग्रिगनार्ड अभिकर्मक की क्रिया द्वारा बनाते हैं।

(ii) ईथर, ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ घुलनशील उपसहसंयोजी संकुल बनाते हैं।

**भौतिक गुण**

(1) **भौतिक अवस्था :** मेथॉक्सी मेथेन एवं मेथॉक्सी एथेन गैस हैं, जबकि अन्य सदस्य मधुर गंध वाले वाष्पशील द्रव हैं ।

(2) **द्विध्रुव आघूर्ण (D.M.) :** ईथर का बन्ध कोण ऑक्सीजन परमाणु के $sp^3$ संकरण के कारण होता है। चूँकि $C-O$ बन्ध ध्रुवीय बन्ध है, इसलिये ईथर नेट द्विध्रुव आघूर्ण उत्पन्न करता है, यदि ईथर सममित भी हो, तो भी नेट द्विध्रुव आघूर्ण होता है। डाईमेथिल ईथर का द्विध्रुव आघूर्ण 1.3 $D$ है एवं डाईएथिल ईथर का द्विध्रुव आघूर्ण 1.18 $D$ है।

❑ *जल में छोटे हाइड्रोजन परमाणु की तुलना में भारी एल्किल समूह के बीच अधिक प्रतिकर्षी अंतक्रिया के कारण बन्ध कोण बड़ा हो सकता है।*

(3) **क्वथनांक :** ईथर के क्वथनांक समावयवी एल्कोहल से बहुत कम होते हैं, किन्तु समान भार वाले एल्केन के नजदीक होते हैं। यह ईथर में हाइड्रोजन बन्धन की अनुपस्थिति के कारण होता है।

(4) **विलेयता :** ईथर की जल में विलेयता समावयवी एल्कोहल के समतुल्य होती है।

*उदाहरण* : डाईएथिल ईथर एवं *n*-ब्यूटिल एल्कोहल की जल में लगभग समान विलेयता होती है। यह इसलिये होता है, क्योंकि ईथर, एल्कोहल के समान जल के अणु के साथ हाइड्रोजन बन्ध बना लेता है।




❑ *ईथर की जल में विलेयता, एल्किल समूह का आकार बढ़ने के साथ घटती है।*

(5) **हाइड्रोजन बन्ध :** ईथर में कोई भी हाइड्रोजन सीधे ही ऑक्सीजन परमाणु से नहीं लगा होता (बन्धित), इसलिये ईथर कोई भी अन्तरअणुक हाइड्रोजन बन्धन प्रदर्शित नहीं करता।

$$\underset{\text{एल्कोहल में हाइड्रोजन बन्धन}}{H-\overset{R}{\overset{|}{O}}---H-\overset{R}{\overset{|}{O}}---H-\overset{R}{\overset{|}{O}}---} \qquad \underset{\text{ईथर में कोई हाइड्रोजन बन्धन नहीं है}}{R-O-R}$$

(6) **घनत्व :** ईथर, जल से अधिक हल्के होते हैं।

**रासायनिक गुण** : ईथर अधिक स्थायी यौगिक हैं। सामान्य परिस्थितियों में इन पर क्षार, तनु खनिज अम्ल, सक्रिय धातु, अपचायक या ऑक्सीकारक का आसानी से आक्रमण नहीं हो सकता।

(1) **एल्किल समूह के कारण अभिक्रियाएँ**

(i) ***हैलोजनीकरण*** :

$$\underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{CH_3CH_2OCH_2CH_3} \xrightarrow[\text{अंधेरा}]{Cl_2} \underset{(\alpha\text{-मोनोक्लोरो डाईएथिल ईथर})}{CH_3CHClOCH_2CH_3}$$

$$\underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{CH_3CH_2OCH_2CH_3} \xrightarrow[\text{अंधेरा}]{Cl_2} \underset{(\alpha,\alpha'\text{-डाईक्लोरो डाईएथिल ईथर})}{CH_3CHClOCHClCH_3}$$

$$C_2H_5OC_2H_5 + 10Cl_2 \xrightarrow[\text{प्रकाश}]{Cl_2} \underset{(\text{परक्लोरोडाईएथिल ईथर})}{C_2Cl_5OC_2Cl_5} + 10\,HCl$$

(ii) ***ज्वलन*** : ईथर उच्च ज्वलनशील होते हैं। ये एल्केन के समान जलते हैं।

$$C_2H_5-O-C_2H_5 + 6O_2 \rightarrow 4CO_2 + 5H_2O$$

(2) **ईथरीय ऑक्सीजन के कारण अभिक्रियाएँ**

(i) ***परॉक्साइड निर्माण*** :

$$C_2H_5\ddot{\underset{..}{O}}C_2H_5 + \ddot{\underset{..}{O}}: \rightarrow (C_2H_5)_2O \rightarrow O.$$

(a) परॉक्साइड के क्वथनांक ईथर की तुलना में अधिक होते हैं। यह ईथर के आसवन में अवशेष के रूप में बचता है, और विस्फोट कर सकता है। इसलिये ईथर को कभी भी शुष्क होने तक वाष्पित नहीं करते हैं।

(b) परिशुद्ध ईथर को, सामान्य ईथर के सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ आसवन से बनाते हैं, तत्पश्चात् इसे सोडियम धातु पर एकत्र कर लेते हैं।

❑ *परॉक्साइड के बनने को, ईथर में कुछ मात्रा में $Cu_2O$ मिलाकर रोका जा सकता है।*

❑ *प्रबल ऑक्सीकारक जैसे अम्ल, डाईक्रोमेट आदि के साथ ईथर ऑक्सीकृत होकर एल्डिहाइड देता है।*

$$CH_3CH_2OCH_2CH_3 \xrightarrow{2[O]} \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{2CH_3CHO} + H_2O$$

❑ *परॉक्साइड की उपस्थिति को, निम्न अभिक्रिया में बने रक्त जैसे लाल संकुल के बनने के द्वारा भी प्रदर्शित कर सकते हैं*

$$\text{परॉक्साइड} + Fe^{+2} \rightarrow Fe^{+3} \xrightarrow{SCN^-} \underset{\substack{\text{रक्त लाल रंग} \\ (n=1 \text{ से } 6)}}{[Fe(SCN)_n]^{3-n}}$$

(ii) ***$K_2Cr_2O_7/H^{\oplus}$ के साथ ऑक्सीकरण***

$$R-\overset{\alpha}{C}H_2-O-\overset{\alpha'}{C}H\begin{matrix} R' \\ R' \end{matrix}$$

(a) ईथर का ऑक्सीकरण केवल तब ही सम्भव हो सकता है, जब यदि ईथर के किसी भी एक एल्किल समूह में $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु स्थित हों।

(b) $\alpha$-कार्बन, जिसमें दो हाइड्रोजन होते हैं, कार्बोक्सिलिक समूह में बदलता है, एवं $\alpha$-कार्बन पर केवल एक हाइड्रोजन हो तो वह कीटो समूह में बदलता है।

$$CH_3-\overset{\alpha}{C}H_2-O-\overset{\alpha'}{C}H_2-CH_2-CH_3$$

$$\xrightarrow[H^{\oplus}/\Delta]{K_2Cr_2O_7} CH_3-COOH + CH_3-CH_2-COOH$$

$$CH_3-CH_2-O-CH\begin{matrix} CH_3 \\ CH_3 \end{matrix}$$

$$\xrightarrow[H^{\oplus}/\Delta]{K_2Cr_2O_7} CH_3-COOH + CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3$$

(iii) ***लवण निर्माण*** : ऑक्सीजन परमाणु पर इलेक्ट्रॉन युग्म के कारण ईथर, लुईस क्षार की तरह व्यवहार करते हैं एवं कम ताप पर प्रबल अकार्बनिक अम्लों के साथ स्थायी ऑक्सोनियम लवण बनाते हैं।

$$C_2H_5OC_2H_5 + HCl \rightarrow \underset{\text{डाईएथिल ऑक्सोनियम क्लोराइड}}{(C_2H_5)_2\overset{H}{\overset{|}{\underset{..}{O^+}}}\,Cl^-} \quad \text{या}$$

$$[(C_2H_5)_2O\cdot H]^+Cl^-$$

$$C_2H_5OC_2H_5 + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{डाइएथिल ऑक्सोनियम हाइड्रोजन सल्फेट}}{(C_2H_5)_2\underset{H}{\underset{|}{\overset{..}{\overset{+}{O}}}} + HSO_4^-} \quad \text{या}$$

$$[(C_2H_5)_2O\cdot H]^+HSO_4^-$$

ऑक्सोनियम लवण, अम्लीय विलयन में घुलनशील है, एवं ईथर को ऑक्सोनियम लवण से जल के साथ क्रिया द्वारा पृथक कर सकते हैं।

$$(C_2H_5)_2\underset{\underset{H}{|}}{O}Cl \xrightarrow{H_2O} \underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{(C_2H_5)_2O} + HCl$$

ऑक्सोनियम लवण

❑ *ऑक्सोनियम लवण का निर्माण, अमोनिया एवं अम्ल से अमोनियम लवण के निर्माण के समान है।*

❑ *एल्किल हैलाइड से ईथर को, सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ हिलाकर पृथक करते हैं।*

❑ *इस अभिक्रिया की मदद से ईथर को एल्केन से विभेदित कर सकते हैं।*

(iv) ***लुईस अम्ल के साथ क्रिया :*** लुईस क्षार होने के कारण ईथर लुईस अम्लों जैसे $BF_3$, $AlCl_3$, $FeCl_3$ आदि के साथ संकुल बनाते हैं। ये संकुल **ईथरेट** कहलाते हैं।

$$\begin{matrix} CH_3CH_2 \\ CH_3CH_2 \end{matrix}\!\!>\ddot{O}: + BF_3 \rightarrow \begin{matrix} CH_3CH_2 \\ CH_3CH_2 \end{matrix}\!\!>\ddot{O} \rightarrow BF_3$$

बोरॉन ट्राईफ्लोराइड ईथरेट (संकुल)

इसी प्रकार, डाईएथिल ईथर, ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ क्रिया कर ग्रिगनार्ड अभिकर्मक ईथरेट बनाता है।

$$2(CH_3CH_2)_2O + RMgX \rightarrow \begin{matrix} R \searrow \quad \swarrow O(CH_2CH_3)_2 \\ Mg \\ (CH_3CH_2)_2O \nearrow \quad \searrow X \end{matrix}$$

ग्रिगनार्ड अभिकर्मक ईथरेट

ईथरेट बनने के कारण, ग्रिगनार्ड अभिकर्मक ईथर में विलेय है। इसलिये ग्रिगनार्ड अभिकर्मक को सामान्यतः ईथर में बनाते हैं। किन्तु इसे बेंजीन में नहीं बना सकते, क्योंकि बेंजीन में कोई इलेक्ट्रॉन युग्म नहीं होता और इसलिये ये उसके साथ संकुल नहीं बना सकती।

(3) **अभिक्रिया जिनमें कार्बन–ऑक्सीजन बन्ध का विदलन होता है**

(i) ***जलअपघटन***

(a) *तनु $H_2SO_4$ के साथ*: $ROR + H_2O \xrightarrow{H_2SO_4} 2ROH$

$$\underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{C_2H_5OC_2H_5} + H_2O \xrightarrow{H_2SO_4} \underset{\text{एथेनॉल}}{2C_2H_5OH}$$

(b) *सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ*:

$$C_2H_5OC_2H_5 + H_2SO_4 \rightarrow C_2H_5OH + C_2H_5HSO_4$$
$$C_2H_5OH + H_2SO_4 \rightarrow C_2H_5HSO_4 + H_2O$$
$$\overline{\underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{C_2H_5OC_2H_5} + 2H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{एथिल हाइड्रोजन सल्फेट}}{2C_2H_5HSO_4} + H_2O}$$

(ii) ***हाइड्रोआयोडिक अम्ल के साथ क्रिया***

(a) ***ठण्डे HI के साथ***

$$\underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{C_2H_5OC_2H_5} + HI \xrightarrow{\text{ठण्डा}} \underset{\text{एथिल आयोडाइड}}{C_2H_5I} + \underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{C_2H_5OH}$$




फेनिल एथिल ईथर   फिनॉल   एथिल ब्रोमाइड

(b) ***गर्म HI के साथ***

$$R - O - R' + 2HI \xrightarrow{\text{गर्म}} RI + R'I + H_2O$$

(iii) ***जीसल विधि :*** $RI + AgNO_3$ (एल्को) $\rightarrow AgI \downarrow + RNO_3$

❑ *इस तरह बने सिल्वर आयोडाइड की पहचान एवं आँकलन कर सकते हैं। यह किसी यौगिक में एल्कॉक्सी समूह की पहचान एवं आँकलन के लिये जीसल विधि का आधार है।*

(iv) ***$PCl_5$ के साथ क्रिया***

$R - O - R + PCl_5 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2RCl + POCl_3$. ठण्डे में कोई अभिक्रिया नहीं होती।

(v) ***एसीटिल क्लोराइड के साथ क्रिया***

$$\underset{\text{एसीटिल क्लोराइड}}{CH_3COCl} + \underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{C_2H_5 \cdot O \cdot C_2H_5} \xrightarrow[\text{गर्म}]{ZnCl_2} \underset{\text{एथिल एसीटेट}}{CH_3COOC_2H_5}$$

(vi) ***अम्ल एनहाइड्राइड के साथ क्रिया***

$$\underset{\text{एसीटिक एनहाइड्राइड}}{CH_3CO \cdot O \cdot OCCH_3} + \underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{C_2H_5 \cdot O \cdot C_2H_5} \xrightarrow[\text{गर्म}]{ZnCl_2} \underset{\text{एथिल एसीटेट}}{2CH_3COOC_2H_5}$$

(vii) ***निर्जलीकरण***

$$C_2H_5OC_2H_5 \xrightarrow[300^oC]{Al_2O_3} 2CH_2 = CH_2 + H_2O$$

(viii) ***कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ क्रिया***

$$\underset{\text{डाईएथिल ईथर}}{C_2H_5OC_2H_5} + CO \xrightarrow[500\text{ atm.}]{BF_3/150^oC} \underset{\text{एथिल प्रोपियोनेट}}{C_2H_5COOC_2H_5}$$

(ix) ***क्षारों की क्रिया***

$$\overset{+}{Li}\overset{-}{C}H_3 + H - CH_2 - CH_2 - O - CH_2 - CH_3$$
$$\rightarrow CH_4 + CH_2 = CH_2 + \overset{+}{Li}\overset{-}{O}C_2H_5$$

(4) **एरोमैटिक ईथर में वलय प्रतिस्थापन :** एल्कॉक्सी समूह ऑर्थो एवं पैरा निर्देशक समूह होता है, और ये आने वाले समूह को ऑर्थो एवं पैरा स्थान पर निर्देशित करता है। यह एरोमैटिक वलय को इलेक्ट्रॉन स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया की ओर सक्रियित करता है।




I II III IV V

III, IV एवं V ऑर्थो एवं पैरा स्थान पर उच्च इलेक्ट्रॉन घनत्व को दर्शाते हैं।

(i) ***हैलोजनीकरण :*** फेनिल एल्किल ईथर की बेंजीन वलय में सामान्य हैलोजनीकरण होता है।

उदाहरण के लिये, एनिसॉल का ब्रोमीनीकरण आयरन (III) ब्रोमाइड उत्प्रेरक की अनुपस्थिति में भी होता है, जिसके द्वारा ऑर्थो एवं पैरा ब्रोमोव्युत्पन्न दिये जाते हैं।




एनिसॉल   *o*-ब्रोमोएनिसॉल   *p*-ब्रोमोएनिसॉल

पैरा समावयवी की 90% मात्रा प्राप्त होती है।

(ii) ***फ्रीडल क्राफ्ट अभिक्रिया***




एनिसॉल   ऑर्थो




एनिसॉल   *o*-मेथॉक्सी एसीटोफिनॉन   *p* मेथॉक्सी एसीटोफिनॉन

(iii) ***नाइट्रीकरण***




❑ *इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं की ओर फिनॉल की तुलना में ईथर कम सक्रिय होते हैं।*

## Tips & Tricks

✍ मेथिल एल्कोहल ($CH_3OH$) काष्ठ स्प्रिट कहलाता है। यह लकड़ी के भंजक आसवन द्वारा प्राप्त होता है। मेथेनॉल के पीने से अंधापन हो सकता है।

✍ एथिल एल्कोहल ($C_2H_5OH$) ग्रेन एल्कोहल कहलाता है। यह विभिन्न पीने योग्य पदार्थों के निर्माण में, विभिन्न प्रतिशतों के उपयोग द्वारा प्रयुक्त होता है।

✍ एक एल्कोहल–जल मिश्रण में आयतन द्वारा 57.1% एल्कोहल हो या भार द्वारा 49.3% एल्कोहल हो तो उसे प्रूफ स्प्रिट कहते हैं।

✍ यदि एथिल एल्कोहल में 5 से 10% मेथिल एल्कोहल होता है तो वह मेथिलीकृत एल्कोहल कहलाता है। यह पीने योग्य नहीं होता है। जहरीली शराब के कारण कई मौतें मेथिल एल्कोहल की उपस्थिति के कारण होती है। यह विकृत स्प्रिट भी कहलाती है। विकृतीकरण 0.5% पिरिडीन, पेट्रोलियम नेफ्था, आसवित रबर (काउटकोचीन) या $CuSO_4$ मिलाने से होती है।

✍ पायरोलिग्नियस अम्ल में एसीटिक अम्ल (10%), मेथिल एल्कोहल (2.5%) एवं एसीटोन (0.5%) होता है।

✍ फ्यूजल ऑयल, *n*-प्रोपिल एल्कोहल, *n*-ब्यूटिल एल्कोहल, *n*-एमिल एल्कोहल एवं आइसो एमिल एल्कोहल का मिश्रण है।

✍ टिंचर आयोडीन, आयोडीन का 2-3% एल्कोहलिक विलयन है।

✍ एस्टरीकरण अभिक्रिया में, निर्मित जल डीन एवं स्टार्क उपकरण द्वारा हटाते हैं। यह ध्यान देना चाहिए कि अम्ल या एल्कोहल जितना बड़ा होगा, दर उतनी ही कम होगी (त्रिविम प्रतिबाधा के कारण)। विभिन्न एल्कोहलों और अम्लों की क्रिया की दर का घटता क्रम है।
$CH_3OH > C_2H_5OH > (CH_3)_2CHOH > (CH_3)_3C-OH$
$HCOOH > CH_3COOH > (CH_3)_2CH-COOH > (CH_3)_3C-COOH.$

✍ **पिनाकोल–पिनाकोलोन पुनर्व्यवस्थापन :** अभिक्रिया में कार्बोधनायन मध्यवर्ती के निर्माण से डाईऑल का निर्जलीकरण होता है जो उसे अधिक स्थायी यौगिक में पुनर्व्यवस्थित करता है।

$$\underset{\text{पिनाकोल}}{CH_3-\underset{CH_3}{\overset{OH}{\overset{|}{\underset{|}{C}}}}-\underset{CH_3}{\overset{OH}{\overset{|}{\underset{|}{C}}}}-CH_3}\xrightarrow[-H_2O]{H^+}\underset{\text{पिनाकोलोन}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{\overset{|}{\underset{|}{C}}}}-CH_3}$$

✍ सामान्यतः अम्लीय प्रबलता इस तरह बढ़ती है, क्रिसॉल << फिनॉल << *p*-क्लोरोफिनॉल << *m*-नाइट्रोफिनॉल << *o*-नाइट्रोफिनॉल < *p*-नाइट्रोफिनॉल << पिक्रिक अम्ल।

✍ ग्लिसरिल ट्राईनाइट्रेट एक अकार्बनिक एस्टर है।

✍ ग्लिसरिल ट्राईनाइट्रेट रंगहीन है, तैलीय द्रव जो जल में अविलेय है एवं नोबेल तेल कहलाता है। नोबेल तेल एंजीनापेक्टोरिस एवं अस्थमा के उपचार में भी उपयोग होता है।

✍ ईथर परऑक्साइड का निर्माण, उसमें कम मात्रा में $Cu_2O$ मिलाकर रोका जाता है।

✍ डाई आइसोप्रोपिल ईथर का उपयोग, पेट्रोल में अपस्फोटी यौगिक की तरह होता है।

✍ एल्कोहल और ईथर का मिश्रण नेटेलाइट के नाम से पेट्रोल के प्रतिस्थापी के रूप में प्रयुक्त होता है।

✍ ईथर ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ विलेय उपसहसंयोजी संकुल निर्मित करता है इसी कारण से ग्रिगनार्ड अभिकर्मक सामान्यतः ईथर में निर्मित होते हैं।

✍ थायो एल्कोहल मरकैप्टन कहलाते हैं।

# Ordinary Thinking
## Objective Questions

## एल्कोहल, फिनॉल एवं ईथर का सामान्य परिचय

1. ब्यूटेन-2-ऑल है [CPMT 1977, 89]
(a) प्राथमिक एल्कोहल (b) द्वितीयक एल्कोहल
(c) तृतीयक एल्कोहल (d) एल्डिहाइड

2. पिक्रिक अम्ल है [CPMT 1971, 80, 81; DPMT 1983; MP PMT 1990; BHU 1996]
(a) ट्राईनाइट्रोएनिलीन (b) ट्राईनाइट्रोटॉलुईन
(c) एक वाष्पशील द्रव (d) 2, 4, 6 ट्राईनाइट्रोफिनॉल

3. 3- पेण्टेनॉल है [RPET 2002]
(a) प्राथमिक एल्कोहल (b) द्वितीयक एल्कोहल
(c) तृतीयक एल्कोहल (d) इनमें से कोई नहीं

4. ग्लिसरॉल है [DPMT 1984, 2000; MP PET 2001; J & K 2005]
(a) प्राथमिक एल्कोहल (b) मोनोहाइड्रिक एल्कोहल
(c) द्वितीयक एल्कोहल (d) ट्राईहाइड्रिक एल्कोहल

5. क्रिसॉल है
(a) हाइड्रॉक्सी टॉलुईन (b) डाईहाइड्रिक फिनॉल
(c) ट्राईहाइड्रिक फिनॉल (d) ट्राईहाइड्रिक एल्कोहल

6. कार्बन का प्रतिशत किसमें अधिकतम है [BHU 1998]
(a) पायरीन (b) गैमेक्सेन
(c) एथिलीन ग्लायकॉल (d) PVC

7. ऑर्थो-डाईहाइड्रॉक्सी बेन्जीन है
(a) कार्वाक्रोल (b) रिसोर्सिनॉल
(c) केटीकॉल (d) ऑर्सिनॉल

8. ग्लिसरीन में होता है [MP PMT/PET 1988; MP PMT 1989, 91; AIIMS 1997]
(a) एक प्राथमिक व दो द्वितीयक $-OH$ समूह
(b) एक द्वितीयक व दो प्राथमिक $-OH$ समूह
(c) तीन प्राथमिक $-OH$ समूह
(d) तीन द्वितीयक $-OH$ समूह

9. निम्न में से कौनसा तृतीयक एल्कोहल है [DPMT 2000]
(a) $CH_2-OH$ | $CH-OH$ | $CH_2-OH$
(b) $CH_3-\overset{\overset{\large CH_2}{|}}{\underset{\underset{\large CH_2-CH_3}{|}}{C}}H_2-CH_2OH$
(c) $CH_3-\overset{\overset{\large CH_3}{|}}{\underset{\underset{\large CH_3}{|}}{C}}-OH$
(d) $CH_3-CH_2-OH$

10. निम्न में से कौन प्राथमिक एल्कोहल है [CPMT 1980]
(a) ब्यूटेन-2-ऑल (b) ब्यूटेन-1-ऑल
(c) प्रोपेन-2-ऑल (d) आइसोप्रोपिल एल्कोहल

11. कार्बिनॉल है [RPMT 2000]
(a) $C_2H_5OH$ (b) $CH_3OH$
(c) $(CH_3)_2CHOH$ (d) $CH_3CH_2CH(OH)CH_3$

12. प्राथमिक एल्कोहल का सामान्य सूत्र है [CPMT 1975]
(a) $>CHOH$ (b) $>C-OH$
(c) $-CH_2OH$ (d) $=C<^{OH}_{OH}$

13. निम्न में से कौन फिनॉलिक है [J & K 2005]
(a) थैलिक अम्ल (b) फॉस्फोरिक अम्ल
(c) पिक्रिक अम्ल (d) फेनिल एसीटिक अम्ल

14. 1, 2, 3-ट्राईहाइड्रॉक्सी बेन्जीन निम्नांकित नाम से भी जाना जाता है
(a) पायरोगैलोल (b) फ्लोरोग्लूसिनॉल
(c) रिसोर्सिनॉल (d) क्विनॉल

15. ब्यूटेनल उदाहरण है [MP PET 1991]
(a) प्राथमिक एल्कोहल (b) द्वितीयक एल्कोहल
(c) एलिफैटिक एल्डिहाइड (d) एलिफैटिक कीटोन

16. सायक्लोहैक्सेनॉल है
(a) प्राथमिक एल्कोहल (b) द्वितीयक एल्कोहल
(c) तृतीयक एल्कोहल (d) फिनॉल

17. द्वितीयक एल्कोहलों की लाक्षणिक समूहता है [DPMT 1984]
(a) $-CH_2OH$ (b) $>CHOH$
(c) $-\overset{|}{\underset{|}{C}}-OH$ (d) $>C<^{OH}_{OH}$

18. निम्न में कौन समावयवी है [AFMC 2005; BCECE 2005]
(a) मेथिल एल्कोहल तथा डाईमेथिल ईथर
(b) एथिल एल्कोहल तथा डाईमेथिल ईथर
(c) एसीटोन एवं एसीटेल्डिहाइड
(d) प्रोपियोनिक अम्ल व प्रोपेनॉन

19. यौगिक $HOCH_2-CH_2OH$ है
(a) एथेन ग्लायकॉल (b) एथिलीन ग्लायकॉल
(c) एथिलीडीन एल्कोहल (d) डाईमेथिल एल्कोहल

20. मेथिलीकृत स्प्रिट है
(a) मेथेनॉल (b) मेथेनॉल + एथेनॉल
(c) मेथेनॉइक अम्ल (d) मेथेनामाइड

21. सायक्लोहैक्सेनॉल का संरचना सूत्र है [Bihar CEE 1995]
(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

22. एमिल एल्कोहल का अणुसूत्र होगा
(a) $C_7H_{14}O$ (b) $C_6H_{13}O$
(c) $C_5H_{12}O$ (d) $C_5H_{10}O$

23. कार्बोलिक अम्ल है [MP PET/PMT 1998; RPET 1999; KCET (Engg./Med.) 1999; BHU 2000; MP PET 2003]
(a) फिनॉल (b) फेनिल बेन्जोएट
(c) फेनिल एसीटेट (d) सैलोल

24. परिशुद्ध (Rectified) एल्कोहल है [RPMT 1997]
(a) 100% शुद्ध एथेनॉल

(b) 95% एल्कोहल + 5% $H_2O$

(c) एथेनॉल +जल + फिनॉल

(d) 95% एथेनॉल + 5% मेथेनॉल

25. निम्न में से कौन डाईहाइड्रिक एल्कोहल है [DCE 2004]
(a) ग्लिसरॉल (b) एथिलीन ग्लायकॉल
(c) केटीकॉल (d) रिसोर्सिनॉल

26. काष्ठ स्प्रिट को कहते हैं [AFMC 2004]
(a) मेथेनॉल (b) एथेनॉल
(c) एसीटोन (d) बेन्जीन

27. ईथर में ऑक्सीजन का परमाणु है [MP PMT/PET 1988]
(a) अत्यधिक सक्रिय (b) बदलने योग्य
(c) तुलनात्मक रूप से अक्रिय (d) सक्रिय

28. निम्न में से कौनसा साधारण ईथर है [AFMC 1997]
(a) $CH_3OCH_3$ (b) $C_2H_5OCH_3$
(c) $C_6H_5OCH_3$ (d) $C_6H_5OC_2H_5$

29. निम्न यौगिकों में क्रियात्मक समूह '$-O-$' वाला उदाहरण है [CPMT 1983]
(a) एसीटिक अम्ल (b) मेथिल एल्कोहल
(c) डाईएथिल ईथर (d) एसीटोन

30. 'एसायल' समूह निम्न में नहीं है
(a) अम्ल क्लोराइड (b) एमाइड
(c) एस्टर (d) ईथर

31. $(CH_3)_2HC-O-CH_2-CH_2-CH_3$ का नाम है [MP PMT 1992]
(a) आइसोप्रोपिल प्रोपिल ईथर (b) डाईप्रोपिल ईथर
(c) डाई-आइसोप्रोपिल ईथर (d) आइसोप्रोपिल प्रोपिल कीटोन

32. एसीटल हैं [BVP 2003]
(a) कीटोन (b) डाई-ईथर
(c) एल्डिहाइड (d) हाइड्रॉक्सी एल्डिहाइड

33. ईथरों में, $C-O-C$ बन्ध कोण होता है
(a) $180^o$ (b) $90^o$
(c) $110^o$ (d) $160^o$

34. लुईस की अम्ल एवं क्षार धारणानुसार, ईथर हैं CPMT 1994]
(a) अम्लीय (b) क्षारीय
(c) उदासीन (d) उभयधर्मी

35. यौगिक जो डाईएथिल ईथर के साथ समावयवी नहीं है, वह है [IIT 1981; CPMT 1989; Bihar MEE 1995; MP PET 2001]
(a) *n*-प्रोपिलमेथिल ईथर (b) ब्यूटेन-1-ऑल
(c) 2-मेथिलप्रोपेन-2-ऑल (d) ब्यूटेनॉन

36. डाईएथिल ईथर की संरचना की पुष्टि किस क्रिया से होती है [DPMT 1985]
(a) कोल्बे संश्लेषण (b) फ्रेंकलैण्ड संश्लेषण
(c) वुर्ट्ज संश्लेषण (d) विलियमसन संश्लेषण

37. किण्वन है [CPMT 1977; RPMT 1999]
(a) ऊष्माशोषी अभिक्रिया (b) ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया
(c) उत्क्रमणीय अभिक्रिया (d) इनमें से कोई नहीं

38. नाइट्रोग्लिसरीन है
(a) एस्टर (b) एल्कोहल
(c) नाइट्रो यौगिक (d) अम्ल

39. निम्न में से किसको मर्केप्टेन कहते हैं [Pb. PMT 2002]
(a) थायो-एल्कोहल को (b) थायो-ईथर को
(c) थायो-अम्ल को (d) थायो-एल्डिहाइड को

## एल्कोहल, फिनॉल एवं ईथर को बनाने की विधियाँ

1. औद्योगिक रूप से एथेनॉल बनाया जा सकता है [MP PMT 1989]
(a) एथिलीन के जल योजन से (b) शर्करा के किण्वन से
(c) इन दोनों से (d) इनमें से किसी से नहीं

2. औद्योगिक रूप से एथिलीन से एथिल एल्कोहल बनाया जा सकता है [CPMT 1985]
(a) परमैंगनेट ऑक्सीकरण द्वारा
(b) उत्प्रेरकीय अपचयन द्वारा
(c) $H_2SO_4$ के अवशोषण तत्पश्चात् जलअपघटन द्वारा
(d) किण्वन द्वारा

3. प्रोपीन, $CH_3-CH=CH_2$ ऑक्सीकरण द्वारा 1-प्रोपेनॉल में परिवर्तित हो जाती है। इस परिवर्तन पर प्रभाव डालने के लिये अभिकर्मकों का कौनसा युग्म सर्वाधिक उपयुक्त है [CBSE PMT 1991]
(a) क्षारीय $KMnO_4$
(b) $B_2H_6$ तथा क्षारीय $H_2O_2$
(c) $O_3 / Zn$ रज
(d) $OsO_4 / CH_4, Cl_2$

4. निम्न में से कौन $CH_3MgI$ से क्रिया कर प्राथमिक एल्कोहल देगा [MP PET 1991]
(a) एसीटोन (b) मेथिल सायनाइड
(c) एथिलीन ऑक्साइड (d) एथिल एसीटेट

5. स्टार्च के किण्वन द्वारा एल्कोहल का निर्माण किसकी सहायता से होता है [CPMT 1971; MH CET 1999; RPMT 2000]
(a) $O_2$ (b) वायु
(c) $CO_2$ (d) एन्जाइम्स

6. नारियल के तेल का क्षारीय जल-अपघटन करने पर बनेगा [MP PET 1991; AFMC 2000; KCET 2001; BCECE 2005]
(a) ग्लायकॉल (b) एल्कोहल
(c) ग्लिसरॉल (d) एथिलीन ऑक्साइड

7. ग्लूकोज व फ्रक्टोज दोनों एथेनॉल में परिवर्तित हो जाते हैं, किस एन्जाइम की उपस्थिति में [MP PMT 1989, 90, 96; CPMT 1983, 84, 86, 94; KCET 1989; MNR 1978; MP PET 1994, 99]
(a) डायस्टेज (b) इन्वर्टेज
(c) जाइमेज (d) माल्टेज

8. प्रकाश और ऊष्मा की उपस्थिति में टॉलुईन के क्लोरीनीकरण तत्पश्चात जलीय $NaOH$ के साथ क्रिया से बनता है [IIT-JEE 1990]
(a) *o*-क्रिसॉल (b) *p*-क्रिसॉल

(c) 2, 4-डाईहाइड्रॉक्सी टॉलुईन (d) बेन्जिल एल्कोहल

9. जब एथिल एल्कोहल का औद्योगिक निर्माण स्टार्च पदार्थों से किण्वन विधि द्वारा किया जाता है तो क्रमशः ये एन्जाइम किण्वन-क्रिया सम्पन्न करते हैं [BIT 1992]
(a) डायस्टेज, माल्टेज और जायमेज
(b) माल्टेज, जायमेज और इन्वर्टेज
(c) डायस्टेज, जायमेज और लैक्टेज
(d) डायस्टेज, इन्वर्टेज और जायमेज

10. प्राथमिक एल्कोहल प्राप्त करने के लिए *RMgX* की क्रिया किसके साथ करायी जाती है [Pb. PMT 2001]
(a) $CO_2$ (b) $HCHO$
(c) $CH_3CHO$ (d) $H_2O$

11. बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड के जलीय विलयन को गर्म करने पर मिलता है [CPMT 1988; BHU 1980]
(a) बेन्जीन (b) क्लोरोबेन्जीन
(c) फिनॉल (d) एनिलीन

12. $LiAlH_4$ द्वारा एसीटिक अम्ल किसमें परिवर्तित होता है [CPMT 1977; MP PMT 1990, 92]
(a) एसीटेल्डिहाइड (b) मेथेन
(c) एथिल एल्कोहल (d) मेथिल एल्कोहल

13. फार्मेल्डिहाइड तथा मेथिल मैग्नीशियम आयोडाइड से बने योगशील उत्पाद का जल अपघटन करने पर बनेगा [MP PMT/PET 1988]
(a) आइसोप्रोपिल एल्कोहल (b) एथिल एल्कोहल
(c) मेथिल एल्कोहल (d) प्रोपिल एल्कोहल

14. बेन्जल्डिहाइड से बेन्जिल एल्कोहल निम्न के द्वारा प्राप्त होता है [CPMT 1983; MNR 1993]
(a) फिटिग अभिक्रिया (b) कैनीजारो अभिक्रिया
(c) कोल्बे अभिक्रिया (d) वुर्ट्ज अभिक्रिया

15. बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड को तनु सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ उबालने पर बनता है [MP PMT 1983]
(a) टॉलुईन (b) बेन्जोइक अम्ल
(c) बेन्जीन (d) फिनॉल

16. नीचे दी गई अभिक्रिया कहलाती है
$$C_2H_5ONa + IC_2H_5 \longrightarrow C_2H_5OC_2H_5 + NaI$$
[CPMT 1990; KCET 1990; MH CET 2003; Pb. CET 2002]
(a) कोल्बे संश्लेषण (b) वुर्ट्ज संश्लेषण
(c) विलियमसन संश्लेषण (d) ग्रिगनार्ड संश्लेषण

17. सैलिसिल्डिहाइड किससे निर्मित किया जा सकता है [CPMT 1983]
(a) फिनॉल तथा क्लोरोफॉर्म
(b) फिनॉल, क्लोरोफॉर्म तथा सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(c) फिनॉल, कार्बन टेट्राक्लोराइड तथा *NaOH*
(d) इनमें से कोई नहीं

18. फॉर्मेल्डिहाइड तथा पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड को गर्म करने पर प्राप्त होगा [CPMT 1989, 90; KCET 2000]
(a) एसीटिलीन (b) मेथेन
(c) मेथिल एल्कोहल (d) एथिल फॉर्मेट

19. एक कार्बनिक यौगिक शुष्क बेन्जीन में घुलकर सोडियम के साथ क्रिया से हाइड्रोजन देता है। यौगिक है [NCERT 1981; SCRA 1990]
(a) कीटोन (b) एल्डिहाइड
(c) तृतीयक एमीन (d) एल्कोहल

20. $A \xrightarrow[\text{तनु } H_2SO_4]{K_2Cr_2O_7} B \xrightarrow[H_2O]{CH_3MgI} CH_3 - \underset{OH}{\overset{CH_3}{\overset{|}{\underset{|}{C}}}} - CH_3$, अभिकारक *A* है
[MH CET 2002, 03; AFMC 2004; MP PMT/PET 1988; EAMCET 1989; CPMT 1988; MP PET 2000]
(a) $CH_3CHOHCH_3$ (b) $CH_3COCH_3$
(c) $C_2H_5OH$ (d) $CH_3COOH$

21. वाटर गैस $(CO + H_2) + H_2$ की 673 *K* तथा 300 *atm* दाब पर $Cr_2O_3 / ZnO$ उत्प्रेरक की उपस्थिति में क्रिया से बनने वाला उत्पाद है [MP PMT 1989]
(a) $HCHO$ (b) $HCOOH$
(c) $CH_3OH$ (d) $CH_3COOH$

22. $CH_2 = CH_2 + B_2H_6 \xrightarrow[H_2SO_4]{NaOH}$ उत्पाद
उपरोक्त अभिक्रिया में उत्पाद क्या है [RPMT 2003]
(a) $CH_3CH_2CHO$ (b) $CH_3CH_2OH$
(c) $CH_3CHO$ (d) इनमें से कोई नहीं

23. निम्न में से किसके साथ थैलिक एनहाइड्राइड तथा सान्द्र $H_2SO_4$ को गर्म करके फिनॉल्फ्थैलीन प्राप्त किया जाता है [BHU 1996]
(a) बेन्जिल एल्कोहल (b) बेन्जीन
(c) फिनॉल (d) बेन्जोइक अम्ल

24. माल्टोज जल अपघटन पर देता है [BHU 1996; CPMT 2001]
(a) मैनोज तथा ग्लूकोज (b) गेलेक्टोज तथा ग्लूकोज
(c) ग्लूकोज (d) मैनोज तथा फ्रक्टोज

25. परिशुद्ध एल्कोहल को परिशोधित स्प्रिट से प्राप्त किया जा सकता है [KCET 1985]
(a) सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल की सहायता से इसका जल पृथक् करके
(b) फॉस्फोरस पेण्टॉक्साइड की सहायता से जल पृथक् करके
(c) बेन्जीन की कुछ मात्रा के साथ आसवन से
(d) बुझे हुए चूने की अधिक मात्रा पर आसवन से

26. ग्रिगनार्ड अभिकर्मक किस समूह के यौगिकों से क्रिया करता है [MNR 1987]
(a) $> C = O$ (b) $-C \equiv N$
(c) $> C = S$ (d) इन सभी से

27. तेल + $NaOH_{(aq)} \xrightarrow{\Delta}$ ग्लिसरॉल + साबुन
उपरोक्त अभिक्रिया कहलाती है [UPSEAT 2001]
(a) साबुनीकरण (b) एस्टरीकरण
(c) हाइड्रोजनीकरण (d) इनमें से कोई नहीं

28. एसीटोन की क्रिया $CH_3 - Mg - I$ से कराने पर तथा फिर उसका जल अपघटन कराने पर प्राप्त होता है [UPSEAT 2000]
(a) आइसोप्रोपिल एल्कोहल (b) प्राथमिक एल्कोहल
(c) एसीटिक अम्ल (d) 2-मेथिल 2-प्रोपेनॉल

29. अभिक्रिया
$$C_2H_5MgBr + \underset{\diagdown O \diagup}{H_2C - CH_2} \xrightarrow{H_2O} A$$
में '*A*' है
[MP PET 1994; CBSE PMT 1998]
(a) $C_2H_5CH_2CHO$ (b) $C_2H_5CH_2CH_2OH$
(c) $C_2H_5CH_2OH$ (d) $C_2H_5CHO$

30. सोडियम बेन्जीन सल्फोनेट की *NaOH* से क्रिया उसके बाद अम्ल द्वारा जल-अपघटन करने पर प्राप्त यौगिक होगा [Roorkee 1995; KCET 1998]
(a) फिनॉल (b) बेन्जोइक अम्ल
(c) बेन्जीन (d) डाईसोडियम बेन्जल्डिहाइड

31. निम्न के जलीय घोल को गर्म करने पर फिनॉल प्राप्त होता है

[MP PMT 1995]

(a) एनिलीन
(b) बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड
(c) बेंजोइक अम्ल
(d) इनमें से कोई नहीं

32. $C_2H_5MgI$ की HCHO के साथ अभिक्रिया द्वारा अन्तिम उत्पाद बनता है [MP PMT 1991]
(a) $CH_3CHO$ (b) $C_3H_7OH$
(c) $CH_3COCH_3$ (d) $CH_3COOCH_3$

33. ग्रिगनार्ड अभिकर्मक द्वारा निम्न का संश्लेषण नहीं हो सकता है [MP PET 1991]
(a) एक प्राथमिक एल्कोहल (b) एक द्वितीयक एल्कोहल
(c) एक कीटोन (d) एक एस्टर

34. जलीय सोडियम हाइड्रॉक्साइड (i) एथिल ब्रोमाइड एवं (ii) क्लोरोबेन्जीन पर अभिक्रिया करके देता है
(a) (i) एथीन एवं (ii) *o*-क्लोरोफिनॉल
(b) (i) एथिल एल्कोहल एवं (ii) *o*-क्लोरोफिनॉल
(c) (i) एथिल एल्कोहल एवं (ii) फिनॉल
(d) (i) एथिल एल्कोहल एवं (ii) कोई अभिक्रिया नहीं

35. RMgBr ऑक्सीजन की अधिकता से क्रिया कर तत्पश्चात् जल अपघटित होकर देता है [Roorkee Qualifying 1998]
(a) RH (b) ROOR
(c) ROOH (d) ROH

36. एक एस्टर और ग्रिगनार्ड अभिकर्मक की अधिकता में होने वाली अभिक्रिया का अंतिम उत्पाद होगा [UPSEAT 2000]
(a) प्राथमिक एल्कोहल (b) द्वितीयक एल्कोहल
(c) तृतीयक एल्कोहल (d) कीटोन

37. कौनसा यौगिक NaOH के साथ शीघ्रता से क्रिया करके मेथनॉल बनाता है [IIT-JEE (Screening) 2001]
(a) $(CH_3)_4N^+I^-$ (b) $CH_3OCH_3$
(c) $(CH_3)_3S^+I^-$ (d) $(CH_3)_3Cl$

38. जब 2-एथिल एन्थ्राक्विनॉल को बेन्जीन और साइक्लोहैक्सेनॉल के मिश्रण में विलेय किया जाता है और ऑक्सीकृत किया जाता है, तो प्राप्त उत्पाद होता है [JIPMER 1999]
(a) एथेनॉल (b) हाइड्रोजन परॉक्साइड
(c) एन्थ्रासीन (d) इनमें से कोई नहीं

39. किण्वन द्वारा कौनसी गैस निष्कासित होती है [RPMT 1997]
(a) $O_2$ (b) $CO_2$
(c) $N_2$ (d) $H_2$

40. एथिल एमीन पर नाइट्रस अम्ल की क्रिया द्वारा उत्पन्न होता है [BHU 2000]
(a) एथेन (b) अमोनिया
(c) एथिल एल्कोहल (d) नाइट्रोएथेन

41. बेन्जल्डिहाइड के अपचयन से प्राप्त उत्पाद है
(a) बेन्जोइक अम्ल (b) बेन्जिल एल्कोहल
(c) बेन्जीन (d) केटीकॉल

42. मेथेनॉल बनाने की व्यापारिक विधि है [IIT 1984; MP PMT 1990; KCET 1992]
(a) $ZnO.Cr_2O_3$ की उपस्थिति में CO का अपचयन
(b) Ni उत्प्रेरक की उपस्थिति में $900^oC$ पर जल वाष्प के साथ मेथेन की क्रिया
(c) HCHO का $LiAlH_4$ द्वारा अपचयन
(d) HCHO का जलीय NaOH द्वारा अपचयन

